(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महाराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

गुरुवार, 05 अगस्त 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 230 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड—133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त




## लालू के बिहार पहुंचते ही गिर जाएगी नीतीश सरकार ? एनडीए और महागठबंधन में बढ़ी तकरार

चारा घोटाला मामले में बेल मिलने के बाद जैसे—जैसे लालू यादव की राजनीतिक सक्रियता बढ़ रही है वैसे—वैसे ही बिहार में भी सियासी उबाल देखा जा रहा है। हाल में ही आरजेडी विधायक डॉ मुकेश रौशन ने यह दावा किया कि जिस दिन लालू प्रसाद यादव का कदम बिहार के धरती पर पड़ेगा उसी दिन नीतीश कुमार की सरकार गिर जाएगी। जाहिर सी बात है लालू यादव की सक्रियता यह आभास जरूर करा रही है। लालू यादव वर्तमान में दिल्ली में है और वह स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। लेकिन उन्होंने हाल में ही कार्यकर्ताओं को अपने संबोधन में कहा कि वह जल्द ही बिहार लौट आएंगे। कार्यकर्ताओं को जब से लालू यादव ने यह बात कही है उनमें गजब का उत्साह है। उन्हें इस बात की उम्मीद है कि लालू यादव के बिहार लौटते ही सरकार बनाने से पिछड़ी महागठबंधन कुछ नया और अलग कर सकती है। लालू यादव को बिहार की राजनीति का महारत माना जाता है। ऐसे में कार्यकर्ता और आरजेडी के लोग उनसे इसी बात की उम्मीद भी कर रहे हैं।



आरजेडी विधायक डॉ मुकेश रौशन के इस बयान के बाद जदयू की ओर से भी पलटवार किया गया है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि इन लोगों को बिहार के विकास कार्यों से कोई लेना देना नहीं है, सिर्फ तेजस्वी यादव की ताजपोशी को लेकर बेचौन रहते हैं जो संभव नहीं है। राज्य की जनता और तमाम विधायक नीतीश कुमार के साथ हैं और आगे भी रहेंगे। भाजपा की ओर से भी इसपर पलटवार किया गया। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि यह लोग दिन में भी सपने देखते हैं। राज्य की जनता विकास के साथ है और हम लोगों की सरकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में बेहतर काम कर रही है और आगे भी करते रहेंगे। जिनको सत्ता पाने का सपना खुली आंखों से देखना है वह देखते रहे।

लालू यादव ने कहीं ना कहीं इस बात के संकेत तो जरूर दिए हैं कि तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनते बनते रह गए। ऐसे में बिहार लौटने के साथ ही वह अपने बेटे की ताजपोशी के लिए कुछ ना कुछ करने की कवायद की शुरुआत जरूर करेंगे। माना जा रहा है कि लालू यादव ने एनडीए के दो सहयोगी जीतन राम मांझी और मुकेश सहनी से भी मुलाकात की है। हालांकि आरजेडी की ओर से इस बात का लगातार खंडन किया जा रहा है। आपको बता दें कि एनडीए में मुकेश सहनी की पार्टी के चार विधायक जबकि जीतन राम मांझी के पार्टी के भी चार विधायक शामिल है। इन 8 विधायकों के दम पर ही एनडीए बहुमत का आंकड़ा पार कर रहा है। महागठबंधन महज कुछ सीट से ही पीछे रह गया। आपको बता दें कि बिहार में सरकार बनाने के लिए 122 विधायक चाहिए। महागठबंधन 12 विधायक पीछे हैं।

## बसवराज बोम्मई मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार, राज्यपाल ने मंत्रियों को दिलाई शपथ, नहीं बना कोई भी उपमुख्यमंत्री

बेंगलुरू। कर्नाटक में बसवराज बोम्मई मंत्रिमंडल का बुधवार को विस्तार हो गया है। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मंत्रियों को शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई भी मौजूद रहे।




बता दें कि बसवराज बोम्मई के मंत्रिमंडल में 29 मंत्री शामिल हो गए हैं। लेकिन किसी को भी उपमुख्यमंत्री नहीं बनाया गया है। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद बसवराज बोम्मई ने दिल्ली दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने बताया था कि जेपी नड्डा के साथ मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चा हुई। बोम्मई मंत्रिमंडल में ओबीसी के सात, एससी के तीन, एसटी के एक, वोक्कालिगा के सात, लिंगायत समुदाय के आठ, एक रेड्डी और एक महिला विधायक को जगह मिली।

## राज्यपाल और महाराष्ट्र सरकार में बढ़ा टकराव, मंत्री बोले– संवैधानिक पद पर आरएसएस के लिए कर रहे काम

महाराष्ट्र सरकार और राज्यपाल के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। एक बार फिर से दोनों पक्षों के बीच विवाद की खबरें हैं। इन सबके बीच उद्धव सरकार में मंत्री और कांग्रेस नेता नितिन रावत ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी पर बड़ा आरोप लगाया है।



नितिन राउत ने साफ तौर पर कहा कि राज्यपाल कोशियारी बीजेपी नेता के तौर पर राज्य में काम कर रहे हैं। नितिन राउत ने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी यहां ऐसे काम कर रहे हैं जैसे वह संवैधानिक पद पर रहते हुए आरएसएस के लिए बीजेपी के नेता के तौर पर करते रहे हैं। उनका व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण है और यह भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ साजिश है। इतना ही नहीं, नितिन राउत ने आगे कहा कि जब भी राज्यपाल कोश्यारी से मिलने कोई जाता है तो वह सिवाय आरएसएस—बीजेपी की तारीफ करने के कुछ नहीं करते। कोई इसका समर्थन नहीं करेगा। आपको बता दें कि महाराष्ट्र सरकार और राज्यपाल कोश्यारी के बीच लगातार विवाद की खबर आती रही हैं। यही बात उस समय भी बढ़ गया था जब मुख्यमंत्री की ओर से राज्यपाल को सरकारी विमान के इस्तेमाल को मंजूरी नहीं दी गई थी और राज्यपाल कोशियारी को विमान से उतरना पड़ा था। इससे पहले महाराष्ट्र के काबीना मंत्री नवाब मलिक ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की आलोचना करते हुए कहा कि वह राज्य में सत्ता के दो केंद्र बनाने की कोशिश कर रहे हैं।




# संसद में सरकार चर्चा के लिए तैयार

## विपक्ष के हर सवाल का देंगे जवाबः नरेंद्र सिंह तोमर

संसद में जारी गतिरोध के बीच नरेंद्र सिंह तोमर ने बड़ा बयान दिया है। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने एक बार फिर से कहा कि केंद्र सरकार हर विषय पर चर्चा करने के लिए तैयार है। विपक्ष अपनी बात रखें। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि चाहे कृषि का विषय हो या कोविड का सभी पर सरकार चर्चा के लिए तैयार है। जो विषय उन्हें( विपक्ष) रखना है रखें। सरकार जवाब देगी। कृषि के मामले में सरकार पूरी तरह पारदर्शी है। हमने कृषि कानून बनाते समय भी लोकसभा और राज्यसभा में 4 घंटे चर्चा की। तोमर ने आगे कहा कि उनका दृष्टिकोण क्या है और वे किस दृष्टिकोण के आधार पर आगे बढ़ना चाहते हैं इस मामले में उनके अपने मन में स्पष्टता नहीं है। हम सदन में चर्चा के लिए तैयार हैं। आपको बता दें कि संसद में पेगासस जासूसी मामले कृषि कानून और कोरोना वायरस के मामले को लेकर विपक्ष हंगामा कर रहा है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार किसी मुद्दे पर चर्चा नहीं कर रही है। विपक्ष की मांग है कि सरकार पेगासस मुद्दे पर चर्चा करें और आरोपों का जवाब दें। आपको बता दें कि राहुल गांधी लगातार विपक्षी एकजुटता को मजबूत कर रहे हैं और सरकार पर दबाव बना रहे हैं।



## केन्द्र ने स्मार्ट सिटी योजना के तहत शिमला, धर्मशाला को 181 करोड़ रुपये दिएः मंत्री

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने बुधवार को बताया कि केन्द्र सरकार ने स्मार्ट सिटी योजना के तहत राज्य के शिमला और धर्मशाला के लिए 181 करोड़ रुपये दिए हैं। किन्नौर से कांग्रेस विधायक जगत सिंह नेगी ने मानसून सत्र के तीसरे दिन एक लिखित जवाब में विधायकों को यह जानकारी दी कि योजना के तहत केन्द्र ने पिछले तीन साल में 30 जून 2021 तक शिमला के लिए 126 करोड़ रुपये और धर्मशाला के लिए 55 करोड़ रुपये दिए। भारद्वाज ने बताया कि 451.17 करोड़ रुपये की लागत वाली 117 परियोजनाएं या तो पूरी हो चुकी हैं, चल रही हैं या उनके लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। परियोजनाओं का ब्यौरा देते हुए उन्होंने बताया कि शिमला में महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर 24.39 करोड़ रुपये की लागत से ई—शौचालय लगाने सहित 14 परियोजनाओं को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने सदन को बताया कि रिट्ज के निकट पुराने बस स्टैंड, तालैंड बस स्टॉप, विकास नगर बस स्टॉप, जाखू में पांच बेंच और टोटू में न्यू पावर हाउस में 11 लाख रुपये की लागत के छह ई—शौचालय स्थापित किए गए हैं।



उन्होंने बताया कि इसके अलावा 216.18 करोड़ रुपये की लागत वाली 73 परियोजनाओं को लागू किया जा रहा है, 30 परियोजनाओं के लिए 210.60 करोड़ रुपये की निविदाएं मंगाई गई हैं। मंत्री ने बताया कि इसी तरह धर्मशाला में 41.94 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का काम पूरा किया जा चुका है, 73.88 करोड़ रुपये की लागत वाली कई अन्य परियोजनाओं पर काम चल रहा है और 114.46 करोड़ रुपये की लागत वाली कई परियोजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया जारी है।

## हिमाचल में दोबारा कोरोना बंदिशों को लगाने की तैयारी

शिमला । हिमाचल प्रदेश में पर्यटन सीजन इन दिनों पूरे यौवन पर है तो दूसरी ओर सावन महीने में देव स्थानों पर भी श्रद्धालुओं की भीड देखने को मिल रही है जिससे प्रदेश सरकार को कोरोना संक्रमण के दोबारा प्रदेश में फैलने का डर सताने लगा है हालांकि इससे पहले लगने लगा था कि शायद सरकार कोरोना बंदिशों में कुछ ढील दे सकती है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने आज विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश में पिछले कुछ दिनों के दौरान कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने शुरू हुए हैं, जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार ने राज्य में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सलाह दी है कि वह आरटीपीसीआर टेस्ट करवाकर आए या फिर वैक्सीन डोज लेकर ही आये उन्होंने संकेत दिए हैं कि यदि कोरोना के मामले बढ़ते हैं तो स्कूलों व कॉलेज को बंद किया जाएगा। उन्होंने कहा सरकार ने 10 अगस्त को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। इस बैठक में कोरोना वायरस के मामलों को देखते हुए सरकार समीक्षा करेगी। यदि जरूरी हुआ तो पाबंदियां बढ़ाई जा सकती हैं। अभी केवल सरकार ने बाहर से आने वाले लोगों के लिए एडवायजरी जारी की है। इस समय प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़कर चौदह हजार से ज्यादा हो चुकी है, जो कि एक सप्ताह पहले करीब 850 थी। वहीं, शिक्षण संस्थानों को भी बंद किया जा सकता है। दरअसल, हिमाचल प्रदेश सहित आठ राज्यों में कोरोना संक्रमण फिर बढ़ने लगा है, जिसकी जानकारी गणितीय मॉडल आर वैल्यू से पता चली है। भौगोलिक स्थिति देखें तो पहाड़ी राज्य और समुद्र के आसपास के राज्यों में यह आर वैल्यू तेजी से बढ़ रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी सार्वजनिक करते हुए सतर्क रहने और कोरोना वैक्सीन लगवाने की सलाह दी है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू—कश्मीर में आर वैल्यू सर्वाधिक 1.4 है। देश के 17 राज्यों में आर वैल्यू एक अंक से अधिक है, लेकिन आठ राज्यों में लगातार बढ़ रही है। मंत्रालय ने जानकारी दी है कि हिमाचल प्रदेश के एक जिले में संक्रमण दर सबसे अधिक है। मंत्रालय का कहना है कि अभी देश दूसरी लहर से ही बाहर नहीं आया है।



## राजस्थान में भारी बारिश से घर की दीवार ढहने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

कोटा। राजस्थान के बूंदी जिले में मूसलाधार बारिश की वजह से एक घर की दीवार ढहने से एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को बताया कि मलबे में घर के दो और लोगों के फंसे होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि घटना नवघाट क्षेत्र में मंगलवार व बुधवार की दरम्यानी रात को हुई है। पुलिस अधीक्षक शिवराज मीणा ने कहा कि घर की एक पुरानी दीवार गिर गई।

इस घर में दो भाई महेंद्र केवट और महावीर केवट अपने परिवार के साथ रहते थे। उनके मुताबिक, दीवार गिरने से घर की छत ढह गई, जिससे परिवार के सभी सात सदस्य मलबे में दब गए। उन्होंने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दो लोगों को मलबे से निकालने में कामयाब रही। उन्होंने कहा कि बुधवार सुबह तीन अन्य को निकाला लिया गया। मीणा ने बताया कि मलबे में फंसे परिवार के बाकी दो सदस्यों को निकालने के लिए अभियान जारी है। केशवरायपाटन के थानेदार लोकेंद्र पालीवाल ने कहा किमलबे से निकाले गए सभी पांच सदस्यों – दो महिलाओं और तीन नाबालिग लड़कियों ने दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि घर का निर्माण दशकों पहले अनियोजित तरीके से किया गया था।

## कांग्रेस शासित राज्यों में बलात्कार के मामलों पर राहुल गांधी नहीं बोलतेः संबित पात्रा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को राहुल गांधी पर दक्षिण पश्चिम दिल्ली में दलित बच्ची से कथित बलात्कार और हत्या मामले का अपने राजनीतिक एजेंडा को ''बढ़ाने'' में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और कहा कि पीड़िता के परिवार को न्याय दिलाने के लिए कानून व्यवस्था तंत्र तेजी से काम कर रहा है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि गांधी परिवार का ''चयन'' का तरीका निंदनीय है क्योंकि उन्होंने राजस्थान, पंजाब और छत्तीसगढ़ जैसे कांग्रेस शासित राज्यों में दलित लड़कियों के खिलाफ अत्याचार के मामलों में कभी न तो ट्वीट किया और न ही एक शब्द बोला है।

राहुल गांधी ने इससे पहले बुधवार को पीड़ित बच्ची के परिवार से मुलाकात कर पीड़िता के लिए इंसाफ की मांग की। उन्होंने राहुल गांधी पर बच्ची के परिवार से मिलने के बाद उसके माता पिता की तस्वीर पोस्ट कर उनकी पहचान उजागर कर यौन अपराध से बच्चों की सुरक्षा (पॉक्सो) कानून का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया। पॉक्सो कानून के तहत पहचार उजागर करना अपराध की श्रेणी में आता है। पात्रा ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) से मामले में संज्ञान लेने और कांग्रेस नेता को नोटिस जारी करने का अनुरोध किया। उन्होंने गांधी पर हमला बोलते हुए कहा, ''यह अपने राजनीतिक एजेंडा के लिए दलितों और गरीबों का इस्तेमाल करना है।'' गांधी ने यहां उस नौ वर्षीय बच्ची के माता—पिता से मुलाकात की जिसकी पिछले दिनों कथित यौन उत्पीड़न के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उन्होंने कहा कि वह न्याय के पथ पर पीड़ित परिवार के साथ हैं और वे इससे ''एक इंच'' भी नहीं डिगेंगे। पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि परिवार न्याय के अलावा कुछ नहीं मांग रहा है। वे कह रहे हैं कि उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है और इसमें मदद की जरूरत है।



पात्रा ने राजस्थान, पंजाब और छत्तीसगढ़ में दलित लड़कियों और महिलाओं से ऐसे कई जघन्न मामलों का हवाला देते हुए इन मामलों में कांग्रेस नेता की ''चुप्पी'' को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''आप अपनी आंखें मूंद लेते हैं और तभी खोलते हैं जब आपको लगता है कि इससे आपको कुछ राजनीतिक लाभ होगा। यह भयावह है।'' उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। भाजपा प्रवक्ता ने गांधी के एक ट्वीट का हवाला देते हुए कहा, एक दलित की बेटी निश्चित रूप से भारत की बेटी है और यह पूछा कि क्या इन कांग्रेस शासित राज्यों में दलित बेटियां भारत की बेटियां नहीं हैं। आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए पात्रा ने कहा कि बलात्कार के मामलों में राजस्थान देश में शीर्ष पर है। उन्होंने दावा किया कि राजस्थान सरकार ने दलितों पर कथित रूप से अधिक संख्या में झूठी प्राथमिकी दर्ज करने का आरोप लगाया है।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने प्रदर्शन

## बीकापुर तहसील कार्यालय पर निकाला जूलूस

अयोध्या। बढ़ती महंगाई एवं डीजल–पेट्रोल व रसोई गैस के दामों में लगातार हो रही बेतहाशा बढ़ोत्तरी से त्रस्त आम जनमानस की आवाज को केंद्र और प्रदेश की गूंगी बहरी सरकार तक पहुंचाने हेतु अयोध्या कांग्रेसजनों ने बीकापुर विधानसभा के मलेथू कनक तिराहे से उप जिलाधिकारी बीकापुर तहसील कार्यालय तक जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए जुलूस निकाल कर अपना कड़ा विरोध दर्ज किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता प्ले कार्ड लेकर "जन विरोधी यह सरकार,नहीं चलेगी नहीं चलेगी" "भाजपा सरकार मुर्दाबाद" "बढ़ी मूल वृद्धि वापस लो वापस लो" आदि नारे लगाते रहे। उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर भारी संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कोरोना काल के इस संकट भरे समय में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा डीजल पेट्रोल पर मनमाने रूप से एक्साइज ड्यूटी व वैट लगाकर अपने जनविरोधी चेहरे को बेनकाब किया है उन्होंने कहा पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्यों में हुई बेतहाशा वृद्धि से मजदूर वर्ग भी अछूता नहीं रहा। गरीब मजदूर के पास भले ही वाहन ना हो, पर डीजल–पेट्रोल के बढ़ रहे दामों से वह भी परेशान नजर आता है। गौरतलब है कि जब–जब भी पेट्रोल–डीजल के भाव बढ़े,तो रोजमर्रा काम आने वाली चीजों की महंगाई का ग्राफ स्वतः ही ऊपर चढने लगता है। इससे मध्यम वर्ग के अलावा मजदूर वर्ग की मुश्किल भी बढ़ जाती है और काम ना मिलने पर चिंता की लकीरें और बढ़ जाती है जिला प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ ने बताया कि 9,10 व 11 अगस्त को जनपद के प्रत्येक न्याय पंचायत में महंगाई पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्यों में वृद्धि एवं पेगासस जासूसी मामले को लेकर 2 किलोमीटर की पदयात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा एवं कांग्रेस के शासनकाल में किए गए विभिन्न जनहित कार्यों से जनता को अवगत कराया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती उमा सिंह, बीकापुर ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह,प्रदेश सचिव सुनील पाठक,पीसीसी सदस्य अशोक सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा,पूर्व प्रमुख कमलासन पांडे,महिला प्रदेश उपाध्यक्ष मधु पाठक,युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव शरद शुक्ला,पूर्व सभासद राम धीरज यादव,रामनरेश मौर्य,शैलेंद्र पांडे,संजय तिवारी,आशुतोष शांडिल्य,विनोद यादव,दिनेश चौधरी,प्रभात यादव,रामचरित मौर्य ,राहुल मौर्य,उमाकांत गुप्ता,अजीत वर्मा,आशुतोष सिंह,प्रदीप निषाद,अब्दुल हकीम,अमरजीत रावत,बलवीर सिंह कोरी,बलवंत रावत,अर्जुन यादव,विपिन यादव,नवमी यादव,अभिषेक यादव,पवन वर्मा,विष्णु यादव,राम सागर रावत,राजेश पांडे,बसंत मिश्र,बृजेश रावत,ओम प्रकाश यादव,अभिषेक,भीम शुक्ला,पिंटू यादव,दिलीप गौड़,अमरीश कुमार पांडे,नीलम कोरी,उषा कोरी,अमानुल्लाह,मोहम्मद सलीम,राकेश यादव,हेमंत यादव,सनी यादव,शुभम यादव,साकिर सैयद,मोहम्मद अरबाज,गोपाल मिश्रा,नसीम खान सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 2022 के चुनाव में बूथ व पन्ना प्रमुखों की होगी अहम भूमिकारू पदमसेन चौधरी

## भाजपा महानगर देवकाली मंडल की हुई कार्यसमिति बैठक

अयोध्या। भाजपा महानगर के देवकाली मंडल की कार्यसमिति की बैठक पार्टी कार्यालय के अटल सभागार में सम्पन्न हुई। दो सत्रों में सम्पन्न बैठक के मुख्य वक्ता जिला प्रभारी पद्मसेन चौधरी ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव के साथ भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के बीच में अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है। 2022 के चुनाव में बूथ तथा पन्ना प्रमुखों की अहम भूमिका होगा। जिसके लिए प्रभावी रणनीति तैयार करनी होगी। चुनाव का संचालन इन्हीं के कंधों पर होगा। सभी बूथों को सक्रिय करने की जिम्मेदारी मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी व सेक्टर प्रमुख की होगी। पार्टी की नीतियों को जनजन तक अभियान के माध्यम से पहुंचाना होगा। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए हम सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे है। सरकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पात्र व्यक्तियों के मिला है। इससे लोगो में उत्साह का माहौल है। 2022 में भाजपा पूरे प्रदेश में बड़ी जीत दर्ज करेगी। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि सम्पर्क, संवाद व प्रवास के माध्यम से कार्यकर्ता लगातार समाज के बीच अपनी उपस्थित दर्ज कराये। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आम जनता के बीच बताये। प्रत्येक बूथ प्रमुख लगातार जनता से सम्पर्क स्थापित करता रहे। क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि गरीबों के चेहरे पर खुशी का भाव लाना हमारी प्राथमिकता है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं, किसानों, गरीबों व मजदूरों के प्रति समर्पित है। सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर जनता में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, मंडल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, अशोका द्विवेदी, शैलेन्दर कोरी, तिलकराम मौर्या, अमल गुप्ता, सुनीता उपाध्याय, उमाशंकर सिंह मुन्ना, सहित 61 कार्यसमिति के सदस्य मौजूद रहे।

# 21 स्थानों पर लगाये गए कैम्प में 29 सौ लोगों को कोविड का टीकाकरण किया गया

करनैलगंज(गोंडा)। 21 स्थानों पर लगाये गए कैम्प में 29 सौ लोगों को कोविड का टीकाकरण किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुरेश चंद्रा व प्रोग्राम मैनेजर सजंय यादव ने बताया कि सीएचसी करनैलगंज में अधिक से अधिक लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया था। जिसमे अब 2900 से अधिक लोगों को टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि करनैलगंज में लोगों की सुविधा के लिये 3 काउंटर संचालित हैं। जिसमे एक महिलाओं के लिये आरक्षित है।

वहीं नगर पालिका परिषद करनैलगंज के परिसर में दो काउंटर लगाया गया है। इसके अलावा पीएचसी बरगदी, धनावा, कंजेमऊ, पीएचसी चकरौत, पूर्व माध्यमिक विद्यालय लखन पुरवा मलौली, प्राथमिक विद्यालय जहाँगीरवा, पिपरी, मौहर, भवानीगंज, कुम्हरौरा, मुंडेरवा, तरहटा, हरिगवा, पांडेयचौरा व प्राथमिक विद्यालय धनावा तृतीय के साथ आगनबॉडी केंद्र जूनागढ़ में एक एक काउंटर संचालित कर लोगो को वैक्सीन लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोविड का टीकाकरण लगातार चल रहा है। प्रति दिन सीएचसी व अन्य सेंटरों पर टीकाकरण हो रहा है।

# अविवि के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 को

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश की ऑनलाइन तिथि विस्तारित कर दी गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने 15 अगस्त, 2021 तक ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। परिसर के समस्त पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई दी गई थी। छात्र–हित को देखते हुए कुलपति प्रो0 सिंह ने ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय प्रवेश समन्वयक प्रो0 विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि परिसर में स्नातक, परास्नातक, वोकेशनल, पी0जी0डिप्लोमा, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम संचालित है। कुलपति प्रो0 सिंह के आदेशानुसार सत्र 2021–22 के लिए समस्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि विस्तारित कर 15 अगस्त, 2021 कर दी गई है जिन अभ्यर्थियों ने पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। लेकिन आवेदन फीस जमा नही किया है, ऐसे उन अभ्यर्थियों को मौका दिया जा रहा हैं कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश ऑनलाइन आवेदन फीस सबमिट कर फार्म को परित कर दे। प्रवेश सम्बन्धित अन्य पर उपलब्ध है।

# 15 अगस्त पर रेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रेल पुलिस ने कुलियों और वेंडरों के साथ बैठक की

गोंडा । रेलवे सुरक्षा बल पोसट गोण्डा के निरीक्षक प्रवीण कुमार और निरीक्षक प्रणय कुमार कुमार सीआईबी गोंडा ने उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के क्रम में 15 अगस्त पर सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए रेलवे स्टेशन गोंडा पर लगभग 35 कुलियों और 25 वेंडरों से समन्वय वार्ता किया गया और रेलवे स्टेशन पर किसी प्रकार का संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखाई देने पर तुरंत रेसुबध्रारेपु को सूचित सूचित करें। ताकि रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

# इटियाथोक क्षेत्र में कोरोना टीकाकरण शिविर लगा, जुटी भारी भीड़

इटियाथोक (गोंडा)। जनपद में कोरोना संक्रमण को समाप्त करने के लिए शासन के निर्देश पर विकासखंड के विभिन्न स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया, जहां 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का टीकाकरण किया गया। विकासखंड इटियाथोक के सीएचसी इटियाथोक, पीएचसी करुआ पारा, जानकीनगर ,तकिया, सदाशिव, बाबागंज प्राथमिक विद्यालय, कुकरिहा प्राथमिक विद्यालय बस्ती, पूर्व माध्यमिक विद्यालय महाराजगंज व हिंदू नगर में शासन के निर्देश पर कोरोना टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया, जहां स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के द्वारा रजिस्ट्रेशन के पश्चात लोगों का टीकाकरण किया गया। इस मौके पर स्थानीय थाने की पुलिस मुस्तैद रही तथा शांतिपूर्ण ढंग से कोरोना टीकाकरण संपन्न हुआ।

# गोवंशो के साथ पशु तश्कर गिरफ्तार

गोसाईगंज–अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इलाके से वध करने के लिए इकट्ठा कर रहे घुमन्तु गोवंशो और अवैध असलहे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्जकर जेल भेज दिया। एस एचओ विद्याशंकर शुक्ल के मुताबिक एसआई संजयकुमार सिपाही अमितकुमार,चन्दन व राजबहादुर के साथ टंडौली क्रासिंग के पास वाहनों की चेंकिंग अभियान चला रहे थे। उसी समय मुखबिर ने सूचना दिया कि पकरेला गाँव के पास मेन रोड के दक्षिण पंचायत भवन के पास बांस की कोठ में कुछ लोग घुमन्तु गोवंशो को रस्सी से बाँधकर इकट्ठा कर रहे है और पिकप पर लाद वध करने के लिए कंही ले जाने की फिराक में है। सूचना पर हरकत में आई पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंची तो उनमे भगदड़ मच गयी और पुलिस ने दौडाकर एक युवक को धर दबोचा।जामातलासी में युवक के पास से एक अदत315बोर तमंचा, एक अदत315बोर जिंदा कारतूस व 4 एक राशि गोवंशीय बरामद हुआ।पकडे गये युवक की पहचान मो0रईस पुत्र ज्लालू निवासी मीरानपुर कोतवाली अकबरपुर अम्बेडकरनगर के रूप में हुई।एसएचओ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गोवध अधिनियम व शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्जकर जेल भेज दिया गया।

# भाजपा सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का किया आह्वान

## शुजागंज मंडल कार्य समिति की बैठक संपन्न

रूदौली–अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी शुजागंज मंडल कार्य समिति की बैठक मंडल अध्यक्ष रामदीन की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष संजीव सिंह व विशिष्ठ अतिथि भाजपा विधायक रामचंद्र यादव के मौजूदगी में सम्पन्न हुई मंडल कार्य समिति की बैठक।बैठक में भाजपा विधायक रामचन्द्र यादव ने पार्टी की रीति नीति के साथ बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने व केंद्र सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। आगामी 2022 चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प कार्यकर्ताओं को दिलाया। साथ भारत सरकार को 84 कोसी परिक्रमा मार्ग को राष्ट्रीय मार्ग घोषित करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि इस परिक्रमा मार्ग पर परिक्रमा करने वाले भाजपा के कार्यकर्ताओं को 2012 में समाजवादी सरकार ने जेल भेजने का कार्य किया था। श्री यादव ने सपा पर तंज कसते हुए कहा कि पिछली सरकार में अपराधियों को अपराध करने पर सजा देने के बजाय उनको सम्मानित करने का कार्य सपा सरकार करती है। और जगह जगह पर बूचड़खानो खोले जाते थे और गोवंश काटे जाते थे।और जब भाजपा के कार्यकर्ता आवाज उठाते तो उनके आवाज को बंद करने के लिए फर्जी ढंग से मुकदमें दर्ज कर जेल भेजने का कार्य पूर्व की सरकार ने किया था।और जब 2017 में भाजपा की सरकार आयी तो बूचड़खाने तो बंद ही हुए लेकिन उनके साथ साथ उन लोगो के खिलाफ भी कार्यवाही शुरू हुई जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए अधिकारियों के साथ साठगांठ करते थे।जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक एकजुट होकर के कार्य करने की सलाह दिए एवं किसी भी सुख दुख में हर कार्यकर्ताओं के साथ रहने का भरोसा दिलाया।साथ ही सरकार की जो योजनाएं चल रही उसी योजनाओं के विषय में गांव–गांव तक घर–घर तक हर कार्यकर्ताओं को पहुंचाने का संकल्प दिलवाया इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शिव गोविंद पांडेय,जिला महामंत्री अशोक कसौधन, मंडल प्रभारी देवेंद्र मणि त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष रामदीन वर्मा,विद्यालय प्रबंधक सुरेंद्र प्रसाद तिवारी, सुधीर गुप्ता,आशीष शर्मा,शुभम तिवारी,युवा नेता आदर्श चन्द्र यादव,दिव्यांशु सिंह,आकाश शर्मा,मयंक पाठक,अतुल पांडेय,सौरभ गुप्ता,विनोद मिश्रा, शिवा नन्द मिश्रा,सुनील कुमार,अभय यादव,हरिओम कसौधन सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुरूनानक एकेडमी का शत प्रतिशत रहा परिणाम

अयोध्या। गुरु नानक एकेडमी गर्ल्स इंटर कॉलेज के हाईस्कूल परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र सिंह छाबड़ा सचिव प्रतिपाल सिंह पाली एवं सी ई ओ अमनदीप सिंह परिणाम घोषित होने के समय विद्यालय परिसर में मौजूद थे और विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को फूल माला पहनाई और मिठाई खिलाई तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही विद्यालय के प्राचार्य श्री आदित्य प्रताप मल एवं समस्त समस्त शिक्षकों को शत–प्रतिशत परिणाम की बधाई दी।हाईस्कूल की श्रुति जयसवाल सर्वाधिक अंकों के साथ 97.16 प्रतिशत विद्यालय मे प्रथम स्थान प्राप्त किया, वंशिका गुप्ता 94.68 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रही, काव्य मालवीय ने 92.32 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया साथ ही सलोनी गौर 90.35प्रतिशत स्मृति सिंह 90 प्रतिशत आदर्श सिंह 89.72प्रतिशत श्वेता मिश्रा 88.36 प्रतिशत अंशी सिंह 86.5 प्रतिशतजयंती उपाध्याय 84.5 प्रतिशत आनंद मौर्य 84.15 प्रतिशत अर्पिता सोनी 83 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय का मान बढ़ाया।

# दिव्या ने 85 प्रतिशत अंक पाकर रघुकुल विद्यापीठ विद्यालय के साथ जिले का बढ़ाया मान

गोंडा । रघुकुल विद्या पीठ की छात्रा दिव्या सिंह ने 85 प्रतिशत अंक पाकर खुशियों से झूम उठी। वही बताते चलें कि भारतीय जनता पार्टी से जिला मंत्री व जिला कार्य योजना निगरानी समिति की सदस्य श्रीमती सोनी सिंह उर्फ अनुराग ने बताया कि हमारी बेटी अपने गुरुजनों का आभार जताया और खुश हुई कि हमको इतना नंबर मिला। जिसको लेकर सोनी सिंह के आवास पर तमाम लोगों ने पहुंच कर दिव्या सिंह को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

# सडक चौडीकरण से होने वाले फायदे–नुकसान को लेकर सुगबुगाहट शुरू

गोसाईगंज–अयोध्या। राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित दिलासीगंज तिराहा, रामगंज बाजार तथा गोसाईगंज कस्बे के ठंडीसडक एवं तेलियागढ चौराहा– महादेवाघाट संपर्क मार्ग पर रहने वाले दुकानदारों मे सडक चौडीकरण होने की आशंका से होने वाले फायदे–नुकसान को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गयी है। इन मुहल्लो मे रहने वाले दर्जनों से अधिक दूकानदारों एवं गृहस्वामियों ने बताया कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा बीते माह चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया था। मौजूदा दौर मे यह परिक्रमा मार्ग महबूबगंज से तेलियागढ चौराहा तक डबललेन बना हुआ है। लेकिन एनएच घोषित इस चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग को चौडीकरण किया गया तो रामगंज बाजार एवं ठंडी सडक स्थित जहा दर्जनो से अधिक दूकानदारो का अस्तित्व समाप्त होने से फांकाकशी को मजबूर हो जायेगे, वही एक दो कमरों मे गुजर–बसर करने वाले बेघर हो जायेगे।मालूम हो कि बीते दिनों प्रदेश की योगी सरकार ने कैबिनेट की मंजूरी पर अयोध्या से बसखारी तक बनने वाले फोरलेन संपर्क मार्ग पर स्थित मया बाजार,गोसाईगंज, अकबरपुर,बसखारी बाजार मे रहने वाले दूकानदारों तथा मकान बनाकर रहने वालो को राहत देते हुए प्रस्तावित फोरलेन सडक को बाईपास से ले जाने की मंजूरी दी थी।

# शिव समाज सेवा उत्थान समिति की पदयात्रा किया गया स्वागत

रुदौली–अयोध्या। शिव समाज सेवा उत्थान समिति की पदयात्रा का शुभारंभ श्री सीताराम आश्रम निकट गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर रायबरेली उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित किया गया जिस का जोरदार स्वागत विश्वनाथ कसौधन की अगुवाई में हुआ हर साल की भांति यह पदयात्रा अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करती है जिसमें स्वागत करने के लिए मौजूद रहे। रामनिवास कसौधन आलोक चंद्र यादव, अंजनी साहू रघुनंदन कुमार चौरसिया, हरिशंकर यादव, लाल बहादुर गुप्ता, प्रभाकर कसौधान, संतोष कसौधन, आशीष कसौधन, संतोष जयसवाल मनोज जयसवाल मोहित वर्मा अनुज चौरसिया सुरेश चौरसिया, ओंकारनाथ कसौधन जी विवेक यज्ञसैनी व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा राजेश कसौधन श्याम, जयसवाल संजय जयसवाल आदि भक्तों ने मवई चौराहा पर फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया साथ में प्रसाद ग्रहण कराया गया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज परिसर में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने सीबीएससी 12वीं में लहराया परचम विज्ञान वर्ग के छात्र आदर्श सिंह 96.60 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया ,ऋदम महेंद्र 96.40 प्रतिशत प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं अभिमन्यु सिंह 96.20 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में वाणिज्य संकाय में अनुष्का यादव 94.40 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, यशी श्रीवास्तव 93.30 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं प्रियांशी अग्रहरि 92.60 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती पुष्पा कुमारी ने बच्चों की इस सफलता के लिए शुभकामना दी। इस मौके पर विद्यालय की परीक्षा प्रभारी मोहन सिंह, करण धीर सिंह एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे तथा बच्चों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

# राष्ट्रीय ऑयल पेन्टिंग कार्यशाला में प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला संस्थान तथा अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त संयोजन मे 02 अगस्त, 2021 दिन सोमवार को राष्ट्रीय ऑयल पेन्टिंग कार्यशाला में छात्र–छात्राओं ने श्रीराम के बाल्यकाल से सम्बंधित भित्ति–चित्र का निर्माण शुरू किया। इस कार्य में रोहन यादव, अमित सिंह, मानसी श्रीवास्तव, सुनिधी उपाध्याय, वैष्णवी मौर्या, अरीबा खान, आनन्द कुमार वर्मा, विवेक तिवारी, रिश्ता शुक्ला, अंशिका सिंह, रुपाली गुप्ता, मोनिका सिंह, जान्हवी जयसवाल, साक्षी पाल, प्रेम लता, सत्यम गुप्ता, अभिषेक पटेल, बृजेश कौशल, विमल सिंह, कविता कुमारी, अकांशा चौधरी, करिश्मा, दीपा ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यशाला की संयोजिका डॉ0 सरिता द्विवेदी ने बताया की उत्तर–प्रदेश शासन द्वारा प्रदत्त इस ऑयल पेन्टिग कार्यशाला में छात्र–छात्राओं का उत्साह निरन्तर बढ़ रहा हैं। कोविड–19 के सुरक्षा मानको के साथ अयोध्या की दीवारों पर चित्रण कार्य सम्बन्धित अंतिम खाका तैयार कर लिया गया है जिसे जिलाधिकारी अयोध्या अनुज झा तथा अविवि के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह द्वारा औपचारिक रूप से 04 अगस्त, 2021 को रंगभर कर शुभारम्भ कर दिया जायेगा। ललित कला विभाग के समन्वयक प्रो0 विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया की सौन्दर्यीकरण से सम्बंधित पेन्टिग चित्रण कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से अयोध्या की दीवारो पर मूर्त रूप देने के लिए तैयार है। कार्यशाला की संयोजिका डॉ0 द्विवेदी के साथ विभागीय शिक्षको एवं आयोजन समिति के सदस्यों के साथ प्रतिभागी छात्र–छात्राओं द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागो के आचार्य, उपाचार्य तथा सहायक आचार्य के साथ गैर शैक्षणिक कर्मचारियों में विजय कुमार शुक्ला, कुशाग्र पाण्डेय, शिव शंकर यादव सहित अन्य लोगो ने छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

# मारपीट में आधा दर्जन घायल, मुकदमा दर्ज

सोहावल–अयोध्या।रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सत्तीचौरा क्षेत्र के गांव देवराकोट में सोमवार की शाम मामूली बात को लेकर पूंछतांछ के बीच मारपीट होने लगी।जिसमें आधा दर्जन लोगों को चोटें आयीं।गांव निवासी महेश पाण्डेय उर्फ जीवधारी का आरोप है कि सोमवार की शाम लगभग 8 बजे पूर्व जिला पंचायत प्रतिनिधि अर्जुन सिंह उर्फ गुड्डू बाबा अपने एक दर्जन साथियों के साथ असला लेकर घर में घुसे लाठी डंडा और धारदार हथियार से हमला किया। हमले में महेश पाण्डेय रमेश पाण्डेय रेनू पाण्डेय शिल्पा पाण्डेय अनीता पाण्डेय आदित्य पाण्डेय घायल हो गये।जबकि गुड्डू सिंह बाबा का कहना है कि हमारे भट्ठा के लेबर को मारे पीटे पूंछने गया तो मारपीट पर आमादा हो गये। पूछे जाने पर रौनाही थाने के एएसआई शमशाद अली ने बताया कि घायल लोगों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

# सीएचसी पर तैनात कर्मचारी की बाइक दिन दहाड़े चोरी हो गई

करनैलगंज(गोंडा)। सीएचसी पर तैनात कर्मचारी की बाइक दिन दहाड़े चोरी हो गई। पीड़ित कर्मचारी ने ऑनलाइन तहरीर कोतवाली में भेजा है। घटना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज के परिसर से जुड़ा है। थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम बजरिया निवासी महेंद्र शुक्ला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज में लैब टेक्नीशियन के पद पर तैनात है। उन्होंने तहरीर कोतवाली में दी है। जिसमे कहा गया है कि मंगलवार को मेगा वैक्सीनेशन कार्यक्रम में उनकी डियूटी नगर पालिका परिषद करनैलगंज के परिसर में आयोजित वैक्सीनेशन कैम्प में लगी थी। जहाँ सिरिंज की कम पड़ गई थी। करीब 1 बजे वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज सिरिंज लेने गया था। अस्पताल परिसर में बाइक खड़ी करके अंदर गया और सिरिंज लेकर वापस आया तो बाइक नही थी। उसने आस पास खोजबीन किया मगर कहीं बाइक का पता नही चला। पीड़ित का आरोप है कि उसकी बाइक चोर चोरी कर ले गये हैं। उसने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। नगर चौकी प्रभारी सहदेव दूबे ने बताया कि मामला संज्ञान में है, कार्रवाई की जा रही है।

# करनैलगंज क्षेत्र में ई-क्लीनिक की शुरुआत

करनैलगंज(गोंडा)। करनैलगंज क्षेत्र में ई–क्लीनिक की शुरुआत की गई है। जहां लखनऊ के प्रमुख चिकित्सक ऑनलाइन सेटेलाइट माध्यम से मरीज देखेंगे। मंगलवार को करनैलगंज परसपुर मार्ग स्थित बाबागंज चौराहे पर संचालित शिवगोविंद मेमोरियल फिजियोथेरेपी सेंटर पर टेलीसेवक ई क्लीनिक की ओपनिंग की गई है। जिसका शुभारम्भ डॉ.अंकित सिंह द्वारा मरीज देखकर किया गया है। उन्होंने बताया कि सेटेलाइट के माध्यम से 50 से अधिक चिकित्सक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। जो मरीजों को परामर्श देने के साथ इलाज भी करेंगे। जिसमे डॉ. संदीप कुमार फाउंडर डायरेक्टर एम्स भोपाल, डॉ.रश्मि कुमार न्यूरो मीडिया ट्रिक्स, डॉ.केवी जैन पूर्व सीएमओ बहराइच सहित अन्य चिकित्सक सामिल हैं। जो कोरोना वायरस, स्त्री रोग, हड्डी रोग, बाल रोग, हृदय रोग, दंत रोग, मूत्र रोग, कर्ण व स्वतंत्र रोग, त्वचा रोग व सामान्य रोग सहित अन्य रोगों में उचित परामर्श देते हुये इलाज करेंगे। क्लिनिक के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. हरीश गोस्वामी, बरखण्डीनाथ महादेव मंदिर के महंत सुनील पूरी, त्रिलोकीनाथ तिवारी, शिक्षक गयाप्रसाद गोस्वामी, चन्द्रशेखर गोस्वामी, महाराज बली गोस्वामी एवं लम्बरदार सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पुलिस विभाग की अनोखी पहल, क्षेत्र में बना चर्चा का विषय

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन/सिद्धार्थनगर। आज हरिवंशपुर पुलिश चौकी के अंतर्गत लोटन ठोठरी मार्ग पर निरीक्षक राम अशोक यादव एव उनके आरक्षी सहयोगियों की उपस्थिति में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस विभाग के सराहनिय कार्य से पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। निरीक्षक राम अशोक यादव द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान जो लोग बिना मास्क के वाहन चला रहे थे ,उन्हें रोक कर मास्क लगाने के फायदे के बारे में बताया गया। और उन्हें हमेशा मास्क लगाने के लिए कहा गया तथा जिनके पास मास्क नहीं था उन्हें मास्क वितरण किया गया। पुलिस विभाग के इस कार्य से क्षेत्र के लोग काफी खुश हैं।



# त्रिलोकपुर पुलिस बनी इंसानियत की मिशाल

दैनिक बुद्ध का संदेश




त्रिलोकपुर/सिद्धार्थनगर। डॉक्टर यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर' द्वारा थाने पर आने वाले फरियादियों के प्रार्थना पत्र के त्वरित निस्तारण के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में सुरेश चंद्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व अजय कुमार श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 4 अगस्त 2021 को थाने पर प्रार्थना पत्र लेकर आई महिला मुन्नी देवी पत्नी हृदय राम निवासी दिवलीडीहा चौबे थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर जिसको उसके पति द्वारा घरेलू विवाद को लेकर नोकझोंक हुई थी जिसमें फरियादी महिला को कुछ हल्की चोटें आई थी जिसे थाना त्रिलोकपुर के महिला हेल्प डेस्क अधिकारी सुजाता राव द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया तथा उसके द्वारा प्रेषित प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्रवाई की गई।

# लोटन ब्लॉक पर हुई ग्राम प्रधान संघ की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन/सिद्धार्थनगर। आज लोटन ब्लॉक सभागार में खंड



विकास अधिकारी राम विलास राय व प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में लोटन ब्लॉक के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की गयी। बैठक में खंड विकास अधिकारी राम विलास राय ने ग्राम प्रधानों को उनके ग्राम पंचायतों में होने वाली समस्यायों को अवगत कराने के लिए कहा। तथा उन्होंने कहा कि गाँव में साफ सफाई की व्यवस्था होने से गाँव में संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना ना के बराबर हो जाएगी। खंड विकास अधिकारी लोटन ने कहा की हमें अपने ग्राम पंचायत के प्रत्येक लाभार्थी को सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजना का लाभ पहुँचाने का कार्य करना है। ताकि गाँव में हमारी अलग पहचान बन सके।उक्त समय पर पंकज वर्मा, रिंकु पांडेय ,कमलेश ,बसीर मोहम्मद, कोमल , अरबाज, धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, नजाबुद्दीन, फूलचंद आदि ग्रामप्रधान व सचिव लालचंद, ओम प्रकाश पंकज, विनोद कुमार, ईश्वरदेव, रविंद्र जाटव, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण कर्मचारी संगठन की जिला कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिला चिकित्सालय के सभागार में तजए पबजब कोर्डिनेशन मीटिंग के उपरांत उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण कर्मचारी संगठन की जिला कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए अमित मिश्रा, उपाध्यक्ष के लिए श्री आशुतोष त्रिपाठी, महासचिव के लिए श्री कृष्ण गोपाल पांडेय, सचिव के लिए श्री अनुराग श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष के लिए वसीम अकरम को सर्वसम्मति से चुना गया। ये चुनाव प्रदेश कार्यकारिणी के महासचिव श्री सिद्धद्धेश्वर पांडेय जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई स इस मौके पर जिला के सभी एड्स नियंत्रण कर्मचारी उपस्थित रहे।



# जानीपुर में मंडल कार्यसमिति कार्यक्रम हुआ संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्य समिति की बैठक आज राम गिरीश पी जी कालेज दुबौली में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दिन दयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा से जिला पंचायत सदस्य व जिला उपाध्यक्ष मनोज शुक्ला जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जानीपुर मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह (राजन) ने किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री नवनीत सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। तथा सरकार के लिए गए कार्य के विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में मौजूद मंडल प्रभारी नित्यानंद मिश्रा, सांसद और विधायक प्रतिनिधि अरविंद पांडे सांसद प्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर जयप्रकाश भारती को युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संतोष चन्द, परमेश दुबे, राजाराम दुबे, दुर्गेश गौड़, लव पांडे, इंद्रसेन राय, जवाहर लाल जायसवाल, बूथ अध्यक्ष रामप्रकाश मौर्य व चंचल चंद ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।



# अपर डीपीआरओ ने किया पंचायत भवन, शौचालय का निरीक्षण

## बर्डपुर न0–11 के पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरा को देखकर प्रधान प्रतिनिधि मो0 सईद का किया प्रशंसा

दैनिक बुद्ध का संदेश




सिद्धार्थनगर। अपर जिला पंचायत राज अधिकारी दिनेश कुमार राय ने बुधवार को बर्डपुर विकास खंड क्षेत्र के दो ग्राम पंचायत में बने फेज 2 सामुदायिक व व्यकितगत शौचालय, पंचायत भवन आदि का निरीक्षण किया। अपर जिला पंचायत राज अधिकारी दिनेश कुमार राय ने सबसे पहले बर्डपुर नम्बर 10 के देवरा चौधरी में सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन का निरीक्षण किया। उसके बाद नवडीहवा गांव में व्यकितगत बने शौचालय का निरीक्षण किये। इस बाद ग्राम पंचायत बर्डपुर नम्बर 11 के महापाली दक्षिण में कायाकल्प हुए पंचायत भवन को देखकर प्रसन्न हुए। उन्होंने बताया कि आज जिले की पहली पंचायत भवन है जहाँ पर पंचायत भवन पर सीसीटीवी कैमरा, वाईफाई, कुर्सी–मेज आदि फर्नीचर व्यवस्था से सुसज्जित है। ऐसे ही और प्रधानों को कार्य करना चाहिए। इसके बाद उन्होंने महापाली दक्षिण व पिपरी में बने व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। जहाँ पर सभी कार्यो को देखकर प्रधान प्रतिनिधि मो0 सईद की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान एडीओ पंचायत रामप्यारे, प्रधान प्रतिनिधि मो0 सईद, खंड प्रेरक शिवराम चौधरी, जाफर अली, बाबू हसन, शिवपूजन गिरी, मो0 मुस्लिम, सईं मोहम्मद, राममिलन, सुहेल खान, इनामुल्लाह आदि मौजूद रहे।

# एबीवीपी ने सौंपा विद्यालय प्रशासन को ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। गोला उपनगर स्थित एलपीएम पब्लिक स्कूल के छात्रों का हाईस्कूल में नंबर कम मिलने की सूचना पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जिला संयोजक अमित राय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। बताया कि छात्रों द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय प्रशासन द्वारा 2021 की परीक्षा में मनमाने ढंग से बच्चों को नंबर दिया गया है। जिससे मेधावी बच्चे जो कि 12वीं प्री बोर्ड में 90 परसेंट से ऊपर प्राप्त किए थे। उसको 60 परसेंट से भी कम नंबर दिया गया। नगर मंत्री कृष्णकांत दुबे ने कहा विद्यार्थी परिषद विद्यार्थी हितों के लिए 73 वर्षों से लगा हुआ है। हम सभी उन मेधावी बच्चों को बता देना चाहते हैं प्रतिभा को कोई रोक नहीं सकता। हम आपके साथ हैं। हमारी आपकी लड़ाई एक है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने विद्यालय प्रशासन से यह मांग किया बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न किया जाए। सरकार द्वारा दिया गया गाइडलाइन का उल्लंघन ना किया जाए।



जिला संगठन मंत्री अमन गौड़ ने कहा अगर हमारी मांगे पूरी नही की जाएगी तो विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता वृहद आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।निखिल, आदर्श, आशुतोष, अभिषेक आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एम्स के अधूरे कार्यों को अक्टूबर तक पूर्ण करें: मुख्यमंत्री योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिये है कि निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराते हुए उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने एम्स के निर्माण कार्यों को मैनपावर बढ़ाकर अक्टूबर माह तक शत प्रतिशत पूर्ण कर लेने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये इसके साथ ही उन्होंने सितम्बर माह तक जंगल कौड़िया में निर्माणाधीन महा विद्यालय के कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिये ताकि समय से उसका लोकार्पण कराया जा सके। उक्त निर्देश मुख्यमंत्री ने एनेक्सी सभागार में आयोजित विकासध्निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए दिये। इस अवसर पर उन्होंने सड़को के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान गोरखपुर–निचलौल मार्ग के कार्य को अगस्त माह तक तथा मोहद्दीपुर–जंगल कोड़िया मार्ग के कार्य में तेजी लाकर पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला जेल बाइपास के कार्य में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि गोरखपुर–वाराणसी मार्ग को दिसम्बर तक तथा नौसढ़ से पैडलेगंज तक के सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत हर हाल में पूर्ण कर लिया जाये।



मुख्यमंत्री ने एम्स के अधूरे कार्यों को अक्टूबर तक पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को देते हुए कहा कि अक्टूबर माह में इसका लोकार्पण कराया जाना है। रामगढ़ताल में फैली जलकुम्भी को शीघ्र हटाने तथा नया सवेरा में साफ सफाई बेहतर ढंग से कराने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कोविड–19 वैक्सीनेशन की समीक्षा के दौरान कहा कि वैक्सीनेशन निशुल्क है इसमें कही भी धांधली की शिकायत नही मिलनी चाहिए। वैक्सीनेशन आनलाइन रजिस्ट्रेशन के पश्चात किया जाये। उन्होंने इंसेफलाइटिस की समीक्षा के दौरान कहा कि जिस क्षेत्र से इंसेफलाइटिस केसेज आ रहे हो उसके उपचारध्निवारण के समस्त उपाय किये जाये तथा सी.एच.सी.ध्पी.एच.सी. पर ई.टी.सी. (इंसेफलाइटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर) को क्रियाशील रखा जाये ताकि उपचार में मरीज को सुविधा मिले। आक्सीजन प्लान्ट के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी नियमित समीक्षा की जाये तथा इसकी निगरानी हेतु नोडल अधिकारी नामित किये जायें। आक्सीजन कन्सलट्रेशन के रखरखाव की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। मुख्यमंत्री ने गीडा की समीक्षा के दौरान सी0ई0ओ0 गीडा को निर्देश दिये कि पूर्वान्चल एक्सप्रेस वे के गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे के किनारे अधिक से अधिक लैण्ड बैंक बनावे तथा शासन की पालिसी के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। इन्वेस्टर से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से निस्तारित करें, यदि उच्च स्तर पर वार्ता की आवश्यकता हो तो उच्चाधिकारी के संज्ञान में लाकर समस्या का निराकरण तत्काल प्रभाव से करायें ताकि निवेशक को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाये। उन्होंने कहा कि गीडा को विस्तार दिया जाये, लैण्ड बैंक जितना बड़ा होगा इन्वेस्टर को आमंत्रित करना आसान होगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि शहरीध्ग्रामीण क्षेत्रों विद्युत आपूर्ति बेहतर ढंग से संचालित हो और खराब ट्रांसफारमर निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत शीघ्र बदलने के साथ ही फाल्ट आदि पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाये।

उन्होंने 5 अगस्त को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की तैयारियां पूर्ण कर लेने तथा हर जगह पर नोडल अधिकारी तैनात करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बताया कि तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है तथा निगरानी के लिए सेक्टरध्जोनल मजिस्ट्रेट भी नामित किये गये है। बैठक में जिलाधिकारी विजय किरन आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी इन्द्रजीत सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी गीडा पवन अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# सरिया फैक्ट्री में कर्मी की मौत, गेट पर हंगामा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सहजनवा/गोरखपुर। गीडा सेक्टर 23 में स्थित गैलेंट इस्पात फैक्ट्री में कार्यरत एक कर्मचारी की कार्य के दौरान क्रेन से गिरने पर मौत हो गई। फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतक के स्वजन गेट पर हंगामा करने लगे। विधायक यशपाल रावत भी मौके पर कर पहुंचे और उसके पक्ष में आवाज उठाया। मृतक सिकरीगंज थाना क्षेत्र के सतहरा मोहन निवासी जयहिंद यादव (34) पुत्र लालबचन यादव क्रेन चलाता था बुधवार को रात अचानक क्रेन से गिरने पर जयहिंद की तत्काल मौत हो गई। प्रबंधन से पीड़ित की मदद करने की मांग किया। सूचना पर तहसीलदार बृज मोहन शुक्ल मौके पर प्रबंधन के जिम्मेदारों व स्वजनों से बात किया। कंपनी के तरफ से परिजनों को आर्थिक मदद और नौकरी का आश्वासन दिया गया। इसके बाद हंगामा समाप्त हुआ।

# युवक की पानी में डूबने से मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी बजहा अंतर्गत टोला नरखोरिया निवासी 36 वर्षीय युवक अब्दुल अजीज पुत्र वली मोहम्मद की गांव निकट स्थित सागर में डूबने से मौत हो गयी है। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करा पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। बेटे के साथ बढ़नी काटने के लिये गया था बंधे पर बैठे बेटे के सामने डूब गया। बच्चा शोर मचाता गांव की तरफ भागा लोग पहुचते कि इसकी डूबकर मौत हो चुकी थी।

# भारतीय आवाम एकता पार्टी विधानसभा चुनाव मे खड़ा करेगी उम्मीदवार

## पार्टी कार्यकर्ता सदस्यता अभियान के साथ मतदाता अभियान भी चलायें:कुलदीप पाण्डेय

**गोरखपुर।** भारतीय आवाम एकता पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पाण्डेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सूचना दिये कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी अधिकतम सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ा करेगी, उम्मीदवारों कि चयन प्रक्रिया शिघ्र प्रारंभ होगी तथा लोगों के नामों पर विचार विमर्श किया जा रहा है। युथ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पाण्डेय ने आने वाले सभी चुनावों मे पार्टी कि विचारधारा पर स्पष्टिकरण दिये तथा योग्य एवं कुशल सक्रिय कार्यकर्ता को पार्टी के चुनाव चिन्ह पर लड़ने कि सहमति दी जायेगी। भारतीय आवाम एकता पार्टी चुनाव मे भाईचारा का संदेश स्थापित करेगी, विधानसभा व नगर निगम चुनाव मे पार्टी पूर्वांचल के दर्जनों जिलों में उम्मीदवार को खड़ा करेगी। मुख्य बॉडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय कौशल पाण्डेय जी,राष्ट्रीय महासचिव मिर्जा इशरार अहमद, राष्ट्रीय प्रवक्ता शम्भू शरण पाण्डेय एवं प्रदेश सचिव रमेश पाण्डेय तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के मार्गदर्शन मे युवा मोर्चा के पदाधिकारी चुनाव मे सक्रियता दिखायेंगे। गोरखपुर महानगर के लगभग 70 वार्डो मे पार्टी के कार्यकर्ता पार्षद पद के उम्मीदवार होंगे। विधानसभा चुनाव मे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से योग्य विधायक उम्मीदवार तथा महापौर मेयर प्रत्याशी कि भी घोषणा पार्टी द्वारा चुनाव से 5 माह पूर्व किया जायेगा। युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पाण्डेय ने चुनाव से पूर्व ध्यान मे रखते हुए प्रत्येक कार्यकर्ताओं से अपने अपने स्तर पर सैकड़ों लोगों को सदस्य बनाने के था आदेशित किये तथा पार्टी में सक्रियता के आधार पर पदभार सौपने कि बात कही। युवा कार्यकर्ता पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ जुड़कर पार्टी कि मजबूती पर ध्यान दे जिससे चुनावी समय मे योग्य व कुशल कार्यकर्ता ही अपने क्षेत्र से चुनावी टिकट पाने के योग्य होंगे.हम सबका है एक ही नारा भाईचारा भाईचारा स्लोगन को हथियार बनाकर पार्टी प्रदेश ही नही सम्पूर्ण देश मे आगामी चुनाव मे जीत का परचम लहरायेगी।

# उत्तरप्रदेश उधोग ब्यापार प्रतिनिधी मण्ड़ल के युवा जिला अध्यक्ष ने प्रेरित कर लोगों का करवाया वैक्सीनेशन

दैनिक बुद्ध का संदेश



नौतनवां। ब्यापार मण्ड़ल के जिलाध्यक्ष संतोष अग्रहरी ने नगर के ब्यापारीओ से अपील किया कि आप सभी को तीसरी लहर से बचाने के लिए सरकार के पास कोई दूसरा विकल्प नही हैं। इस लिए हम लोगो को कोरोना से बचने के लिए वैक्सीन लगवाना अति आवश्यक है। और उन्होंने कहा माक्स जरूर लगाए हाथो को धोते रहे। भारत सरकार के गाइड लाइन का पालन करे। ऑन लाइन में परेशानीओ को देखते हुए लोगों को वैक्सीनेशन नही हो पा रहा था। इस लिए आज विशेष अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगो को वैक्सीनेशन हो जाय देश मे कोरोनाके केश बढ़ रहें है। आज फिर नौतनवां की जनता से अपील करते है कि आप लोग लापरवाही बिल्कुल न करे। अगर हमारा कस्बा पूरी तरह से वैक्सीनेशन हो जाय तो हम लोग सेफ रहेंगे। जिसमें मुख्यरूप से पंकज श्रीवास्तव, राजा वर्मा, अनिल श्रीवास्तव ,मनोज अग्रवाल, बंटी श्रीवास्तव, पंकज जायसवाल, किशन खेतान, रमेश चन्द्र गुप्ता , संतोष जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# एयरटेल के नेटवर्क से तरस्त हुए नगर पंचायत सोनौली के लोग

दैनिक बुद्ध का संदेश



सोनौली। आदर्श नगर पंचायत सोनौली वार्ड नं 14 लोहिया नगर ( सुकरौली ) में स्थित एयरटेल का नेटवर्क रोजाना खराब होता रहता है, जिससे यहां के लोगों की संचार सेवाएं बाधित हो रही है, यहां के लोगों का कहना कि न ही कही फोन लग रहा है और न ही नेट चल रहा है। हम लोगो का रिचार्ज और पैसा केवल नुकसान ।हो रहा है। जिसमे मौजूद विकाश गौड़, धनंजय यादव,चंदन गिरि, संजय यादव, संदीप यादव, खुर्शीद अंसारी, सलमान खान, आतिफ अहमद, सचिन गौड़, अमेरिका गौड़, तारकेश्वर गौड़, शहजाद खान, देवेंद्र गिरि, एवं समस्त नगर पंचायत वाशी सबका कहना है अगर नेटवर्क की ये समस्या जल्द से जल्द ठीक नही करवाया गया तो हम सभी लोग अपना सिम एयरटेल से जियो में पोर्ट कर लेंगे।

# शहादत दिवस पर याद किये गए शहीद रामबहादुर

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। जनपद के दक्षिणांचल में स्थित माल्हनपार



क्षेत्र के हरिहरपुर खजहिया टोला निवासी कारगिल शहीद रामबहादुर सिंह की शहादत दिवस पर लोगों ने विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य अरविंद उर्फ बिट्टू राय व करुणेश उर्फ बिट्टू दुबे ने कहा कि अमर शहीद रामबहादुर सिंह की सहादत को नही भुलाया जा सकता। उनकी देश भक्ति के जज्बे से आज के युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। शहीद के पुत्र ओमप्रकाश सिंह ने उपस्थित आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।इस मौके पर ओमप्रकाश सिंह, पंच बहादुर सिंह, दयालु सिंह, संजय शाही, अमरजीत सिंह, जगदम्बा शुक्ल, पारस चंद कौशिक, संतोष प्रजापति, अमर यादव, राजनाथ यादव, प्रेम गोंड, कमलाकर शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

**खासकर जब तक चीनी सैनिक इन इलाकों से वापस नहीं चले जाते। कहा जा रहा है कि गोगरा व हॉट सप्रिंग को लेकर कुछ सकारात्मक प्रगति हुई है। इसके साथ ही दोनों देशों को यह सुनिश्चित करना होगा कि जमीनी स्तर पर स्थिरता कायम हो सके। कहा जा रहा है कि ...**

# उम्मीद के संकेत

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी दखल से उपजे विवाद के बाद सतही तौर पर शांति जरूर नजर आती है लेकिन तनाव अभी खत्म नहीं हुआ है। विगत में इस तनाव को खत्म करने की दिशा में सैन्य कमांडरों की ग्यारह दौर की वार्ता हो चुकी है। एक समय सैनिकों के बीच टकराव के बाद स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई थी।
कूटनीतिक प्रयासों से स्थिति में सुधार अवश्य हुआ लेकिन स्थिति सामान्य नहीं हो पायी है। भारत चाहता है कि एलओसी पर अप्रैल, 2020 वाली स्थिति बहाल हो। इसी कड़ी में शनिवार को भारत व चीन के सैन्य कमांडरों के बीच बारहवें दौर की बातचीत हुई, जो करीब नौ घंटे चली। बताते हैं कि इस सैन्य वार्ता में हॉट स्प्रिंग, गोगरा और पूर्वी लद्दाख में तनाव वाले क्षेत्रों से सैनिकों की तत्काल वापसी की बात की गई। एलएसी पर चीन की तरफ स्थित मोल्डो सीमा बिंदु पर हुई वार्ता में तनाव के बिंदुओं पर शांति बहाली व सैनिकों की वापसी प्रक्रिया पर वार्तालाप हुआ, जिसमें पहले की तरह बिना किसी बाधा के पेट्रोलिंग को बहाल करने पर चर्चा हुई। वास्तविक स्थिति दोनों देशों के सैन्य व राजनीतिक नेतृत्व के विमर्श के बाद ही सामने आने की उम्मीद है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि चीन भारत की घेराबंदी की चौतरफा कोशिश में लगा है। चीन व पाक की जुगलबंदी भारत के लिये नित नयी चुनौतियां पेश करती रहती हैं।
हाल ही में अमेरिकी विदेश मंत्री की भारत यात्रा और उस दौरान दलाई लामा के प्रतिनिधियों से उनकी वार्ता के बाद चीन खासा तिलमिलाया है। ऐसे में साम्राज्यवादी चीन के मंसूबों को समझना कठिन नहीं है। इसके बावजूद यदि सैन्य वार्ता में प्रगति होती है तो इसे सुखद ही कहा जाना चाहिए। संकेत मिल रहे हैं कि वार्ता के बाद कुछ इलाकों से सैनिकों की पूर्व स्थिति में जाने पर सहमति बनी है। विगत में दोनों देशों द्वारा विवाद के बाद एलएसी पर बड़ी संख्या में सैनिकों व भारीदृभरकम सैन्य संसाधनों की तैनाती हुई है, उससे क्षेत्रीय सुरक्षा व शांति के लिये खतरा पैदा हो गया था। ऐसे में उम्मीद जगी है कि चौदहवीं कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल पीजीके मेनन की चीनी सैन्य कमांडर से बातचीत के बाद सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। यूं तो भारत अप्रैल, 2020 की यथास्थिति को बहाल करना चाहता है, लेकिन चीन के मंसूबों के बारे में तब तक कुछ कहना जल्दबाजी होगी। खासकर जब तक चीनी सैनिक इन इलाकों से वापस नहीं चले जाते। कहा जा रहा है कि गोगरा व हॉट स्प्रिंग को लेकर कुछ सकारात्मक प्रगति हुई है। इसके साथ ही दोनों देशों को यह सुनिश्चित करना होगा कि जमीनी स्तर पर स्थिरता कायम हो सके। कहा जा रहा है कि दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की शंघाई सहयोग संगठन के मंच पर ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में पिछले माह हुई द्विपक्षीय बातचीत के बाद ही पूर्वी लद्दाख में शांति व स्थिरता की दिशा में सैन्य कमांडरों की बैठक संभव हो पायी है।

# देश के भीतर अपनों की लड़ाई

सहीराम

यह ठीक नहीं है जी। पहले किसानों ने बॉर्डर और बॉर्डर का फर्क मिटाया। पहले बॉर्डर बस जवानों का होता था, पर अब किसानों का भी होता है। बल्कि किसान तो अब अपनी एक संसद भी चला रहे हैं। सरकार अपनी संसद चला रही है, किसान अपनी संसद चला रहे हैं। अब किसान और जवान तो चलो एक ही परिवार का मामला है। इसलिए नहीं कि जय जवान, जय किसान के नारे में वे साथ–साथ हैं बल्कि इसलिए भी कि किसान का एक बेटा फौज में जाता है तो दूसरा खेत में जाता है। ऐसे में अगर बॉर्डर और बॉर्डर का फर्क मिट गया तो चलो कोई बात नहीं। पर यहां तो सरकारें सीमा और सीमा का फर्क भी मिटा देना चाहती हैं। इधर आपने खबरें सुनी होंगी, अखबार पढ़े होंगे, टीवी पर देखा होगा कि सीमा पर झड़प हो गयी। आपने क्या सोचा पाकिस्तान या चीन सीमा पर झड़प हो गयी नहीं जी। पाकिस्तान सीमा पर तो खैर झड़प होती ही नहीं। वहां तो तोपें चलती हैं, गोले बरसते हैं या फिर सर्जिकल स्ट्राइक होती है। झड़पें तो होती हैं चीन सीमा पर। पर जैसे सर्जिकल स्ट्राइक में बहादुरी की कोई कमी नहीं होती, वैसे ही चीन सीमा पर झड़प में भी बहादुरी की कोई कमी नहीं होती। फर्क यही है कि सरकार चीन को उस तरह आंख नहीं दिखाती जैसे वह पाकिस्तान को दिखाती है। फिर भी पाकिस्तान को इससे कोई शिकायत नहीं है। खैर, इधर सीमा पर झड़प हो गयी। लेकिन इससे पहले कि सीमा पर झड़प की बात सुनकर आप में देशभक्ति का जज्बा हिलोरें लेने लगे, कृपया जान लें कि यह झड़प चीन सीमा पर नहीं हुई है। यह तो असम और मिजोरम सीमा पर हुई है। जनाब सीमा उनकी भी है। और अब पता चल रहा है कि झड़प उनमें भी होती है। लेकिन असम के मुख्यमंत्री इस झड़प को लेकर उसी तरह तमतमाए हुए हैं जैसे चीन सीमा पर हुई झड़प से हमारे नेता तमतमाए हुए थे। जबकि मिजोरम वाले उसी तरह चुप हैं, जैसे चीन वाले चुप थे। असम और मिजोरम दो देश नहीं हैं। बल्कि एक ही देश के दो राज्य हैं। वे हरियाणा और पंजाब भी नहीं हैं, जहां कभी पानी को लेकर तो कभी चंडीगढ़ को लेकर झगड़ा चलता रहता है। गनीमत यही है कि अक्सर एक–दूसरे की विरोधी सरकारें होते हुए भी इनमें झड़प आज तक नहीं हुई। लेकिन असम और मिजोरम में झड़प हो गयी। जबकि असम की भी और मिजोरम की भी, दोनों ही सरकारें भाजपा की हैं। आप कहेंगे यह क्या तर्क हुआ दोनों सरकारें भाजपा की हैं तो क्या झगड़ा नहीं होगा। अरे भैया, यहां तो चाहे उत्तराखंड देख लो और चाहे कर्नाटक, एक राज्य में ही पार्टी के भीतर झगड़ा है। लेकिन सबसे जोरदार तो इस झड़प का वर्णन है, जिससे लगता है कि झड़प एक देश के दो राज्यों के बीच नहीं, दो देशों के बीच हुई हो।

# हवाई सफर में पर्सनल क्यों हो गए ये लोग?

**कनिका कहती हैं कि लोगों में घूमने की एक बेताबी दिख रही है। करीब 60 फीसदी लोग अपने घरों से निकलना चाहते हैं। हो सकता है कि आप भी उनमें से एक हों। अगर आप घर से काम कर रहे हैं तो उसे किसी टूरिस्ट डेस्टिनेशन से भी अंजाम दिया जा सकता है। अगर आप देश के रईसों में शामिल हैं तो बुक करिए अपना श्उडनखटोलाश् और निकल जाइए दूर देश को...**

सौरव सिन्हा

कोरोना के समय में लोगों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट के बजाय निजी वाहनों में सफर करना ज्यादा सेफ लग रहा है। और यह बात जमीन तक ही सीमित नहीं है, आसमान का भी कुछ ऐसा ही हाल है! वे संपन्न लोग जो कोरोना से पहले कमर्शल एयरलाइंस के फर्स्ट या बिजनेस क्लास में सफर किया करते थे, अब प्लेन चार्टर यानी बुक करके जा रहे हैं। इसमें वे अपने परिवार, मित्रों या बिजनेस पार्टनर्स के साथ सफर कर रहे हैं।

कई लोग ऐसा मजबूरी की वजह से कर रहे हैं क्योंकि कमर्शल ऑप्शन नहीं है, लेकिन एक बड़ा वर्ग सुरक्षा की वजह से चार्टर प्लेन की सेवा ले रहा है। पिछले साल दो महीने के लिए शेड्यूल्ड डोमेस्टिक फ्लाइटें बंद थीं। 25 मई, 2020 को जब फ्लाइटें खुलीं, तो भोपाल के एक परिवार ने निजी हवाई कंपनी का ए320 चार्टर किया, अपनी बेटी और पोतों को भोपाल से दिल्ली भेजने के लिए। वह परिवार कमर्शल फ्लाइट में इन्हें भेजकर कोविड–19 के इन्फेक्शन का जोखिम उठाने को तैयार नहीं था। मार्च, 2020 तक दुनिया के कई हिस्सों में कोरोना फैल चुका था। तब से हर दूसरे–तीसरे दिन हवाई सेवा के नियम–कानून बदल जाते हैं। किसी भी देश में केस बढ़ रहे होते हैं, तो वहां से आने वालों पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। पिछले मार्च में जब भारत ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानें बंद कर दीं, उस वक्त कई भारतीय विदेश में थे। उन्हें इस रोक पर अमल से पहले देश लौटना था। कमर्शल ऑप्शन न होने की वजह से उन्हें चार्टर प्लेन से लौटना पड़ा। पिछले साल दिसंबर में ब्रिटेन में कोरोना बहुत तेजी फैल रहा था, तब भारत ने वहां से आने वाली उड़ानें रोक दीं। बॉलिवुड के एक बहुत बड़े सितारे का परिवार उस समय लंदन में था। वह परिवार चार्टर प्लेन से मुंबई वापस आया, उस डेडलाइन से पहले, जिसके बाद ब्रिटेन से किसी फ्लाइट को आने की इजाजत नहीं थी।

एक बड़ी चार्टर कंपनी जेटसेटगो एविएशन की सीईओ कनिका टेकरीवाल ने बताया कि पहले उन्हें रोज 30–40 रिक्वेस्ट बुकिंग के लिए मिलती थीं। इनमें ज्यादातर बिजनेस वालों की होती थीं। कनिका ने बताया कि अब यह संख्या 9–10 गुना बढ़ गई है। इनमें से ज्यादातर कस्टमर नए हैं। बिजनेस के साथ पर्सनल ट्रैवल के लिए भी मांग बढ़ी है। अमीर लोगों को अगर पर्सनल ट्रैवल के लिए कहीं जाना है तो वे पहले चार्टर प्लेन के बारे में सोचते हैं। इधर, एक और तब्दीली दिखी है। बिजनेस के लिए चार्टर प्लेन की मांग कम हुई है। यह बिजनेस मीटिंग के जूम जैसे माध्यमों पर शिफ्ट होने का असर है।

पहले अधिकतर लोग बिजनेस ट्रैवल के लिए प्लेन बुक करते थे। अब ट्रेंड बदल रहा है और इसका असर पर्सनल ट्रैवल सेग्मेंट पर भी पड़ा है। इसके अलावा, जब–जब कोरोना का संक्रमण कम होता है, जो लोग इतने समय से घरों में बंद हैं, वे घूमना पसंद करते हैं। एक तरह का श्रिवेंज ट्रैवलश् का कल्चर दिख रहा है। कोरोना के कारण घरों में बंद लोग अपने परिवार के साथ घूमने निकल रहे हैं। अमीर लोग खासतौर पर मॉलदीव, रूस, ग्रीस, नीदरलैंड्स और स्विट्जरलैंड घूमने जा रहे हैं। इन लोगों के बीच चार्टर प्लेन की काफी मांग है।

कोरोना की दूसरी लहर के बाद कुछ ही देश हैं, जिन्होंने भारतीयों के अपने यहां आने पर पाबंदी हटाई है। कुछ देशों ने उन लोगों को आने की अनुमति दी है, जिनका पूरी तरह टीकाकरण हो चुका है। उधर, प्लेन पर चढने के लिए आरटी–पीसीआर टेस्ट आज भी जरूरी है। अगर आपने टेस्ट नहीं करवाया है तो आप विदेश जाने वाले किसी हवाई जहाज पर सवार नहीं हो सकते।

आपको यह भी बताते चलें कि चार्टर प्लेन पर अमीर लोग कितना पैसा खर्च कर रहे हैं। अगर कोई दिल्ली या मुंबई से दुबई जाने के लिए निजी हवाई जहाज बुक करता है तो उसे इसके लिए 37 लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। मुंबई–लंदन–मुंबई के लिए यह खर्च 40 लाख और बेंगलुरु–सिंगापुर–बेंगलुरु के लिए 45 लाख रुपये है। यह खर्च प्लेन के साइज और आप उसे कितने वक्त के लिए बुक कर रहे हैं, इस पर भी निर्भर करता है। चार्टर प्लेन की बुकिंग शुरू होती है 80 हजार रुपये प्रतिघंटा से 8 सीटर टर्बोप्रॉप के लिए और यह 5–6 लाख रुपये प्रति घंटा 16 सीटर जहाज के लिए जाती है। इसके अलावा और भी चार्जेज होते हैं, जैसे कि एयरपोर्ट चार्ज, लैंडिंग और ओवरफ्लाइंग चार्ज आदि।

दिल्ली एयरपोर्ट ने पिछले सितंबर में एक अलग जनरल एविएशन टर्मिनल खोला। हालांकि वह खुला तो कोरोना के टाइम में ही था, लेकिन पहली लहर के बाद। उस समय यह टर्मिनल रोज की करीब 20 फ्लाइट्स हैंडल करता था। दूसरी लहर में यह संख्या दोगुनी हो गई। एक तो एयर एंबुलेंसेस का आना–जाना बहुत हुआ और उसके अलावा कई ऐसे अमीर भारतीय थे, जो भारत से दूसरे देशों में जाना चाहते थे अपने और अपने परिवार की सेफ्टी के लिए। अब जब दूसरी लहर थम रही है और नए मरीजों की संख्या कम हो रही है तो वही ट्रेंड दिख रहा है, जो पहली लहर के बाद दिखा था। यानी घूमने–फिरने में लोगों की दिलचस्पी बढ़ रही है। आपको याद होगा कि पहली लहर के बाद कई फिल्मी सितारे मॉलदीव के फोटो खींचकर अपने सोशल मीडिया एकाउंट के जरिये शेयर कर रहे थे। इस साल अप्रैल में जब दूसरी लहर आई तो 30 देशों के साथ मॉलदीव ने भी भारतीयों के लिए अपनी सीमाएं बंद कर दीं। अब धीरे–धीरे भारतीयों के लिए ऐसे विदेशी ठिकाने खुल रहे हैं।

कनिका कहती हैं कि लोगों में घूमने की एक बेताबी दिख रही है। करीब 60 फीसदी लोग अपने घरों से निकलना चाहते हैं। हो सकता है कि आप भी उनमें से एक हों। अगर आप घर से काम कर रहे हैं तो उसे किसी टूरिस्ट डेस्टिनेशन से भी अंजाम दिया जा सकता है। अगर आप देश के रईसों में शामिल हैं तो बुक करिए अपना श्उडनखटोलाश् और निकल जाइए दूर देश को।

# खेती आधारित कुटीर उद्योगों में समाधान

**ऐसी हालत में कृषक भारत ही अपनी ओर से एक उम्मीद देता नजर आता है। जो लोग शहरों से अपने गांवों में वापस चले गये हैं, वे वापस महानगरों की ओर जाने के स्थान पर अपनी धरती से जीने और टिकने का आसरा मांगने लगे। लेकिन पिछले बरसों में कृषि की हालत बहुत अच्छी नहीं रही। अभी तक भी देश की आबादी का आधे से अधिक प्रतिशत गांवों में रोजी–रोटी की तलाश कर रहा है। उधर, कृषि ...**

सुरेश सेठ

डेढ़ बरस तक महामारी की दो लहरें देश ने झेल लीं। अब पिछले दो माह से उद्घोषणा हो रही है कि कोरोना की दूसरी लहर से देश आजाद हो रहा है। महामारी के दिनों में लगाये गये पूर्ण और अपूर्ण प्रतिबंधों के कारण अर्थव्यवस्था हिल गयी है। सबसे अधिक धक्का कुटीर, लघु और मध्यम उद्योगों को लगा है। इससे गुजर–बसर करने वाले करोड़ों लोग बेरोजगार हो गये हैं। इस समय बेकारी का आलम यह है कि देश के ग्यारह राज्यों में बेकारी की दर राष्ट्रीय दर से तीन गुणा अधिक हो गयी है। जिन राज्यों में बेकारी की दर राष्ट्रीय औसत से कम है तो वह भी मनरेगा की कृपा से। अर्थात् न कार्य पाने वालों में मनरेगा की दिहाडियां बंट गयी, इससे वहां बेकारी की दर राष्ट्रीय औसत से कम हो गयी। लेकिन यहां मनरेगा का बंटवारा अनुग्रह रूप में अधिक हुआ है। उसके साथ किसी उत्पादक कार्य योजना की प्रस्तुति नहीं हुई, इसलिए मनरेगा की सहायता से देश की विकास दर में वृद्धि नहीं होती देखी गयी। मनरेगा सूचियों में घर की औरतों के आंकड़ों की बहुलता है। मर्द श्रमिक तो अधिक दिहाड़ी की उम्मीद में गांव छोड़ शहरों की ओर निकल गये हैं।

जब पिछले डेढ़ बरस से कोरोना महामारी के साये देश पर मंडराये तो महानगरों के जनजीवन को पूर्ण और अपूर्ण बन्दी का अभिशाप मिला और जो श्रमशक्ति अपने पुश्तैनी धंधे खेतीबाड़ी को अलाभप्रद मानकर शहरों की ओर चली गयी थी, पूर्ण और अपूर्ण बन्दी के दुर्भाग्य के कारण उनमें से बड़ी तादाद को अपने गांवों की ओर वापस आना पड़ा। उधर इन नौजवानों में से एक बड़ी तादाद बेहतर जीवन प्राप्त करने के लिए विदेशों की ओर चली गयी थी। परन्तु कोरोना की महामारी का विश्वव्यापी प्रकोप हुआ था, इसलिए प्रवासी भारतीयों का एक बड़ा हिस्सा भी स्वदेश लौटने लगा। इनके पास अपने कृषक समाज में लौट जाने के सिवा कोई और चारा नहीं था। महानगरीय संस्कृति तो अपनी जड़ों के हिल जाने के कारण अब उन्हें कोई आसरा नहीं दे सकती थी। जो नौजवान और बेकार हो गयी श्रमशक्ति वापस अपने कृषक समाज में रोजी–रोटी का वसीला तलाशने गयी, उनकी संख्या करोड़ों में बतायी जा रही है।

कोरोना की पहली लहर तो पिछले साल के अंत तक दब गयी लेकिन ये लोग इस भय से वापस शहरों की ओर नहीं लौटे, क्योंकि कोरोना की दूसरी लहर के लौटने का भय जिन्दा था। वह हुआ भी। इस साल के दूसरे माह से कोरोना की नयी लहर ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया। यह लहर पहली लहर से भी अधिक संक्रामक, तेजी से फैलने वाली और रोगियों के लिए मृत्यु का पैगाम देने वाली थी। यह सही है कि जून माह तक यह लहर दबने लगी और जुलाई में सरकार ने इस लहर से छुटकारे का ऐलान कर अर्थव्यवस्था पर लगे प्रतिबंधों को हटाना शुरू कर दिया, लेकिन इससे आर्थिक जीवन में स्पन्दन उस तेजी से नहीं लौटा।

कारण कई रहे। सबसे पहला तो यह कि सरकार सामाजिक अन्तर रखने की पैरवी करते हुए, कोरोना की तीसरी लहर के लौट आने की चेतावनी दे रही थी। इसलिए श्रमशक्ति जो पलायन करके गांवों में आ ठिठकी थी, वहीं रहकर अपने लिए किसी वैकल्पिक जीवन की तलाश करने लगी।

इस बीच भारत सरकार ने निवेश निर्णयों को प्रोत्साहित करने के लिए दो आर्थिक बूस्टर दिये। पहला पिछले साल बीस लाख करोड़ रुपये का और दूसरा अभी इस बरस, कोरोना की दूसरी लहर के लौटने की सूचनाओं के साथ 6.3 लाख करोड़ रुपये का। तब कई नये नारे उछले। श्स्टार्ट अप इंडियाश् से लेकर श्आत्मनिर्भर भारतश् तक क्योंकि ये दोनों बूस्टर अर्थतन्त्र में नये उत्साह के वाहक नहीं बने, केवल सहज मौद्रिक नीति के साथ साख प्रेरक रहे, इसलिए इनका उत्साहजनक प्रभाव नये निवेश पर उस तरह नहीं पड़ा, जैसी उम्मीद की जा रही थी।

कारण निवेश को प्रेरणा देने के लिए केवल साख की उपलब्धता नहीं, बढ़ती हुई मांग का ग्राफ भी होना चाहिए। लेकिन मांग तो तभी बढ़ेगी, जब आमजन और उपभोक्ता के हाथ में अधिक कमाई आये। यहां देश का आलम यह है कि अधिक कमाई तो क्या, कोरोना संकट का मुकाबला करने के लिए आम लोगों की बचत भी अपंग हो गयी। इस काल में बैंकों में बचतकर्ताओं की जमा तेजी के साथ कम हुई है।

सबसे अधिक मार वेतनभोगी क्षेत्र को पड़ी है। महामारी में अर्थतंत्र के मृतप्राय हो जाने के कारण वेतनभोगी क्षेत्र क्रमशरू असमर्थ होता गया। कोरोना के कारण अतिरिक्त बेकारों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई। उधर, देश का लघु, मध्यम और कुटीर उद्योग निष्प्राण होता गया क्योंकि इन असाधारण परिस्थितियों में उनके लिए बाजारों में मांग का बेतरह अभाव हो गया। आर्थिक बूस्टर निष्प्रभावी होने लगे, तब लोगों के हाथ में पैसा, वेतन और नौकरियां बढने के नये निवेश की मांग कैसे सामने आती।

ऐसी हालत में कृषक भारत ही अपनी ओर से एक उम्मीद देता नजर आता है। जो लोग शहरों से अपने गांवों में वापस चले गये हैं, वे वापस महानगरों की ओर जाने के स्थान पर अपनी धरती से जीने और टिकने का आसरा मांगने लगे। लेकिन पिछले बरसों में कृषि की हालत बहुत अच्छी नहीं रही। अभी तक भी देश की आबादी का आधे से अधिक प्रतिशत गांवों में रोजी–रोटी की तलाश कर रहा है। उधर, कृषि क्षेत्र का योगदान कम होते–होते पच्चीस प्रतिशत सकल घरेलू आय का हिस्सा रह गया। अब जब गांवों की ओर लौटने का नारा बुलन्द होता जा रहा है तो इसे गम्भीर और व्यावहारिक स्तर पर लाना होगा। कृषि क्षेत्र ने कोरोना के इन विकट दिनों में भी भारत जैसे अभावग्रस्त और पिछड़े हुए देश को भुखमरी से बचाया है। अभी नये आंकड़े बता रहे हैं कि कोरोना की दोनों लहरों में खेतीबाड़ी ही रही, जिसका योगदान घनात्मक था। शेष सभी उत्पाद, उद्योग और व्यावसायिक क्षेत्रों का योगदान शून्य से नीचे चला गया।जो अतिरिक्त आबादी शहरों से पलायन करने अब गांवों में अपने जीने और रोजी–रोटी का नया अर्थ तलाशना चाहती है, उन्हें भी कृषि आधारित नये कुटीर और लघु उद्योगों में ही आरक्षण देना होगा। भूकंप प्रताडिघ्त जापान की आबादी अगर अभी तक बची हुई है तो इसीलिए कि उन्होंने अपने देश में छोटे–छोटे लघु और कुटीर उद्योगों का जाल बिछा लिया। आस्ट्रेलिया और कनाडा का कृषि आधारित क्षेत्र भी इसीलिए बच पाया क्योंकि उन्होंने कृषि आधारित उद्योगों से सहारा ले लिया। भारतीय संस्कृति की पूरी पहचान कृषक संस्कृति के विकास के बिना अधूरी है। क्यों न अंधाधुंध नगरीकरण के स्थान पर हम देश में कृषि के आधुनिकीकरण की ओर लौटें। धरती मां में सब लोगों को अपनी बाहों में समेट लेने का अजब सामर्थ्य है, इसे न भूलें।

## महिला ने देवर पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

लार। थाना क्षेत्र के गांव की महिला ने देवर पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला का कहना है देवर उन्हें मारता–पीटता है। घर से बाहर निकालने के लिए सामान भी फेंक देता है, जिसके कारण वह मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान है। पति बाहर रहते हैं। मामले में उचित कार्रवाई की जाए। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप शर्मा ने कहा कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## नदी में मिला महिला का शव, शिनाख्त नहीं

भाटपाररानी। खामपार थाना क्षेत्र के धर्मखोर करन के समीप छोटी गंडक में महिला का शव मिला। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि शव की पहचान कराने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## हंगामे के बीच लोगों को लगाया गया कोरोनारोधी टीका

भाटपाररानी, देवरिया। क्षेत्र के 27 केंद्रों पर टीकाकरण हुआ। इस दौरान कई स्थानों पर हंगामे की भी खबर आई। हंगामे के बाद पहुंची पुलिस ने मामले को संभाला और टीकाकरण का कार्य कराया। उप जिलाधिकारी ध्रुव शुक्ला ने भी टीकाकरण केंद्रों का हाल जाना। स्थानीय पीएचसी सहित सीएचसी जसुई न्यू पीएचसी भिगारी बाजार, रघुनाथपुर, खामपार ,कुकुर घाटी के साथ ही 20 गांव भठवां तिवारी, बरईपार बाबू ,करौंदा, जगन्नाथ छापर ,मिसकार चक, भिगारी बाजार, खामपार उप केंद्र पकड़ी बाबू, भरौली, मेहरौना, जगहथा, कोडरा आदि गांव में 3250 कोविड– शील्ड व 200 को वैक्सीन का डोज लोगों को लगा।

## चकिया कोठी में हंगामे के चलते घंटों बाधित रहा टीकाकरण

भवानीछापर,देवरिया। मेगा कोविड टीकाकरण अभियान के तहत क्षेत्र के कई दर्जन केंद्रों पर टीकाकरण हुआ। इस दौरान बनकटा ब्लाक के चकिया कोठी स्थित नया प्राथमिक केंद्र पर लोगों की अत्यधिक भीड़ व हंगामा के चलते एक घंटे तक टीकाकरण कार्य बाधित रहा। पुलिस के पहुंचने पर टीकाकरण कार्य शुरू हो सका।

## सरयू व राप्ती का जलस्तर स्थिर, खतरा बरकरार

देवरिया। सरयू और राप्ती नदी का जलस्तर स्थिर रहने के बाद घटने लगा है। सरयू नदी खतरे के निशान से 65 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। जलस्तर पांच सेंटीमीटर कम हुआ है। सरयू नदी में पीडब्ल्यूडी द्वारा ठेका पर चलने वाली इंजन युक्त नाव विगत एक माह से अनियमित रूप से चल रही है। एक नाव खराब है, दूसरी का संचालन मनमाना हो रहा है। अभी भी विशुनपुर देवार के छह टोले के लोगों की दुश्वारी बरकरार है। हाल यह है कि ..नाव नहीं चली। लोगों को मजबूरन निजी नाव से नदी पार आना जाना पड़ रहा है। विशुनपुर देवार के छह टोलों के लोग नाव नहीं होने से पानी से होकर आवागमन कर रहे हैं। सरयू नदी खतरे के निशान 66.50 मीटर से ऊपर 67.15 मीटर पर बह रही है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 65 सेंटीमीटर ऊपर है। जलस्तर पांच सेंटीमीटर घटा है। कपरवार में राप्ती नदी का जलस्तर घट रहा है। सरयू नदी पार के गांव विशुनपुर देवार के स्कुलहिया टोला,कतलहिया टोला, पुराना हरिजन बस्ती, चौहान बस्ती, बांके यादव के टोला के लोग नाव नहीं चलने से पानी से होकर आवागमन कर रहे हैं।

## टप्पेबाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

महराजगंज। बृजमनगंज कस्बे में स्वर्ण व्यवसायी आलोक वर्मा की दुकान पर लूट के प्रयास मामले में गिरफ्तार महाराष्ट्र के जिला पुणे थाना लोनी वोरपटारे निवासी आरोपित मोहम्मद जाफरी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। वहीं मध्यप्रदेश भोपाल के करोंद निवासी दूसरे फरार आरोपित मिसम की गिरफ्तारी में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार यह दोनों आरोपित कई जनपदों में घूमकर टप्पेबाजी और लूट की घटनाओं को अंजाम देने का कार्य करते थे। बृजमनगंज पुलिस के साथ साइबर सेल व स्वाट टीम भी दूसरे आरोपित की तलाश में जुट गई है। बृजमनगंज के थानेदार कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि . बृजमनगंज कस्बे में आलोक वर्मा के ज्वेलरी की दुकान पर मोहम्मद जाफरी अपने साथी मिसम के साथ पहुंचा और दुकान से जेवरात लेकर भागने की कोशिश करने लगा। शोर मचाने पर पहुंचे लोगों ने बाइक पर पीछे बैठे मोहम्मद जाफरी को तो पकड़ लिया लेकिन आरोपित मिसम भाग निकला। आरोपित जाफरी के खिलाफ लूट के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर .. न्यायालय चालान किया गया , जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपित के पास से सोने के दो कंगन, एक चेन व नकद रुपये बरामद हुए हैं।

## भारतीय दूतावास के सामने किया प्रदर्शन

महराजगंज। नेपाल के दार्चुला सीमा पर भारतीय एसएसबी जवानों पर रोप–वे ब्रिज को काट कर नेपाली नागरिक को नदी में गिराने व उसकी हत्या का आरोप लोगों ने लगाया है। नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थिति भारतीय दूतावास के समक्ष एमाले क्रांतिकारी संगठन के अध्यक्ष हरीशचंद गजुरैल व माधव पक्ष नेपाल के युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और भारत विरोधी नारे लगाए। वहीं इस मामले ने नेपाल गृह मंत्रालय ने एक जांच टीम गठित कर दार्चुला सीमा पर भेज दिया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सरहद निर्धारित करने वाली काली नदी पर वर्षो से एक रोप–वे ब्रिज है। जिस से लोगों का आवागमन होता है। शुक्रवार को एसएसबी जवानों ने वह पुल काट दिया गया। जिससे पुल से अपने घर जा रहे जय सिंह ध ाामी पुल समेत नदी की तेज जलधारा में जा गिरा और डूब गया। नेपाल गृह मंत्रालय के सह सचिव व प्रवक्ता खुमकांत आचार्य का कहना है कि दार्चुला बार्डर पर रोप वे ब्रिज टूटने व नेपाली नागरिक के डूब जाने मामले में जांच टीम भेजी गई है। एसएसबी पर लगे आरोपों के संबंध में भारतीय दूतावास से रिपोर्ट मांगी गई है।

# पंचायत भवन व शौचालय मिले अधूरे, लगाई फटकार

देवरिया। उप निदेशक पंचायत गोरखपुर समरजीत यादव ने रामपुर कारखाना के छह से अधिक ग्राम पंचायतों का हाल जाना। सामुदायिक शौचालयों व पंचायत भवनों के निर्माण कार्य का सत्यापन किया। अधूरे व मानक के अनुरूप कार्य न पाए जाने पर फटकार लगाई। प्रधानों व सचिवों को 15 अगस्त के पूर्व पूरा कराने का निर्देश दिया। विकास खंड रामपुर कारखाना के पोखर भिडा नागभर, बिशुनपुर कला, बैकुंठपुर, महुआ पाटन, लंगड़ा, पांडेपुर, बेलवा, मुंडेरा मिश्र व नौतन ग्राम पंचायत में बनाए गए पंचायत भवन एवं सामुदायिक शौचालयों के निर्माण कार्य को देखा। सबसे पहले पोखरभिडा सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया, जहां पर सचिव योगेंद्र कुशवाहा मौजूद रहे। इसके बाद ग्राम पंचायत महुआ पाटन में पहुंचकर के सामुदायिक शौचालय को देखा, जहां पर सीट नहीं लगा था। शौचालय बंद पड़ा था। जिसमें मोटर, नल अभी नहीं लगाए गए थे। स्वयं सहायता समूह को मानदेय भुगतान नहीं किया गया था। पंचायत भवन में कार्य होते पाया गया। दरवाजा व मिट्टी कार्य भी अधूरा था। जिसे पूरा करने को कहा गया। इसके बाद बिशुनपुर कला पहुंचे। समूह को मानदेय नहीं दिया गया। पुरुष शौचालय धंसा पाया गया। पंचायत भवन पूर्ण और अच्छा था। सचिव ज्ञान सिंह को शेष कार्य पूरा करने को निर्देश दिया। जांच के दौरान अधिकतर सामुदायिक शौचालय में ताला बंद पाया गया। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई तथा संबंधित को इसके उपयोग कराए जाने का फरमान सुनाया । इस दौरान मंडलीय परियोजना प्रबंधक दिनेश चौधरी, एडीओ पंचायत रामपुर कारखाना बिदा सिंह, स्वछता विभाग से हरिकेश बहादुर शाही आदि मौजूद रहे।

# मौजूद रहेंगी जरूरी दवाएं, अभी से प्रशासन अलर्ट

देवरिया। कोरोना संक्रमण के दौर में महामारी का असली रूप जनपदवासियों ने देखा। अस्पतालों में बेड नहीं, भर्ती हो गए तो आक्सीजन व दवाएं नहीं। कई तरह की दिक्कतों का सामना लोगों को करना पड़ा। दवाओं की कमियों से सीख लेकर इस बार प्रशासन तीसरी लहर को ध यान में रख कर कदम बढ़ा रहा है। अस्पतालों के बाहर स्वजन का लाइन से इंतजार करती लाशों का □श्य आज भी लोगों के जेहन में तैर जाता है, दवाओं के नहीं होने से लोगों ने स्वजन खो दिए। कोरोना संक्रमण में दूसरी लहर इतनी घातक होगी। इसका अंदाजा स्वास्थ्य विभाग को भी नहीं था। अचानक दूसरी लहर के खतरनाक रूप लेने से स्वयं डाक्टर भी हैरत में थे। क्या करें उनकी समझ में स्वयं नहीं आ रहा था। अधिक से अध ाक लोगों के बीमार पड़ने व दवाओं की उपलब्धता नहीं होने से संकट खड़ा हुआ। शुरूआत के एक महीने रेमडेसिविर इंजेक्शन नहीं मिला। बाद में उपलब्ध हुआ तो डीएम के निर्देश पर मरीजों को मिलना शुरू हुआ। फेरापिराविर टेबलेट की सप्लाई जिले में नहीं आई। लोग प्राइवेट में दवाएं चौगूने मूल्य पर खरीदे। अगर शुरू में ये दवाएं आ गई होती तो अनेकों संक्रमितों की जान बचाई जा सकती थी। खून पतला करने वाला इंजेक्शन लो मालीक्लूलर वेट हेप्रीन एलएमडब्लू भी लोगों को बाजार से खरीदनी पड़ी। शहर में नहीं मिलने पर लोग दवाओं के लिए लखनऊ दिल्ली तक सफर तय किए।

बाजार से गायब हो गई थी एजीथ्रोमाइसीन व पैरासीटामालः कोरोना संक्रमितों की जान बचाने के लिए दूसरी लहर में आवश्यक सामान्य दवाएं भी गायब हो गई थी। जिसमें पैरासीटामाल, एजीथ्रो, डाक्सीसाइक्लीन, आइवमेंक्टीन आदि दवाओं का भी अभाव हो गया था। इस बार विभाग चौकन्ना है और इन दवाओं के अलावा स्वास्थ्य विभाग अन्य दवाओं को भी मंगा कर स्टाक कर रहा है।

# हंगामे के बीच 50112 लोगों को लगा टीका

देवरिया। जिले में मेगा कोविड वैक्सीनेशन कार्यक्रम के तहत 351 केंद्रों पर 50112 लोगों को कोरोना रोधी टीका लगाया गया। अधिकांश केंद्रों पर टीका लगवाने को लेकर सुबह से लेकर दोपहर तक हंगामा होता रहा। कई केंद्रों पर मारपीट भी हुई। अधिकांश केंद्रों पर दो घंटे में ही कोरोनारोधी टीका समाप्त हो गया। ग्रामीण क्षेत्र के टीकाकरण केंद्रों पर दो सौ से चार सौ डोज जब भेजी गई थी लेकिन सभी कंद्रों पर एक हजार से दो हजार लोगों की लाइन लगी थी। कई केंद्रों पर टोकन बांट कर टीका लगाया गया। जहां टोकन नहीं बंटा वहां टीका लगवाने के लिए लोग आपस में मारपीट व गाली गलौज करते दिखे। कहीं भी शारीरिक दूरी का पालन नहीं किया गया। अधिकांश लोग बिना मास्क के ही टीका लगवाने पहुंचे थे। भीड़ के सामने पुलिस बेबस दिखी। डीएम आशुतोष निरंजन, सीएमओ डा. आलोक पांडेय, एसीएमओ डा. सुरेन्द्र सिंह के अलावा जिले के सभी अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र के टीकाकरण केंद्रों का जायजा लेते रहे। एक हेल्थकेयर वर्कर को कोरोनारोधी दूसरा डोज लगाया गया। जिसके तहत 46900 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था। 18 वर्ष से 45 वर्ष तक 34359 लोगों को प्रथम डोज व 485 को द्वितीय डोज दिया गया। 45 से 60 वर्ष के लोगों में 9012 को प्रथम व 1623 को द्वितीय डोज दिया गया। 60 वर्ष से उपर 3259 को प्रथम व 1373 को द्वितीय डोज दिया गया। शहर के महाराजा अग्रसेन बालिका इंटर कालेज में बने बूथ पर एक नेता के इशारे पर लोगों को कोरोना टीका लगाया गया। जिसका लोगों ने विरोध किया और अधिकारियों को फोन कर जानकारी दी। इसीएच केंद्र पर भूतपूर्व सैनिकों को कोरोनारोध ी टीका लगाया गया। जिला अस्पताल में दो घंटे में ही वैक्सीन समाप्त हो गई। भीड़ के कारण मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी। महिला अस्पताल में भी काफी भीड़ रही। जिसे महिला पुलिस ने नियंत्रित किया।

## करंट की चपेट में आकर महिला की मौत



दैनिक बुद्ध का संदेश

कानपुर। कानपुर के बिधनू थाने के अंतर्गत हड़हा गांव में कपड़े फैलाते वक्त पास से निकले बिजली के कटे तार के करंट की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। काफी देर बाद बाहर से लौटे बेटे ने मां का शव पड़ा देख शोर मचाया। हड़हा गांव निवासी किसान रमेश चंद्र की 42 वर्षीय पत्नी सुनीता बुधवार को आंगन में डोरी पर कपड़े धुलकर फैला रही थी। कपड़े फैलाते वक्त उनका कपड़ा डोरी कब पास से निकले बिजली के कटे तार में फंस गया। जिसे तार टूटकर उनके ऊपर आ गिरा। जिसके करंट की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई। घटना के वक्त पति खेत और बेटा अंकुर और बेटी खुशी दरवाजे पर थे। काफी देर बाद बेटा अंकुर घर के अंदर पहुंचा तो देखा मां का शव जमीन पर पड़ा हुआ है और उनके पेट पर बिजली का तार पड़ा हुआ था। बेटे की चीकपुकार सुन एकत्र पड़ोसियों ने मेन लाइन से बिजली काटकर शव से तार हटाया। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## नेपाल में पकड़े गए युवक के स्वजन ने व्यापारी को बनाया बंधक

महराजगंज । नेपाल में शाम 32.90 लाख रुपये के साथ पकड़े गए लोहरौली निवासी योगेंद्र यादव के स्वजन ने देर रात ठूठीबारी के व्यापारी समेत छह लोगों को अपने ही घर में बंधक बना लिया। जिसके बाद पुलिस को सूचना देते हुए कार्रवाई की मांग की। देर रात पहुंची पुलिस ने सभी को मुक्त कराया। बताया जा रहा है कि आरोपित व्यापारी योगेंद्र गिरफ्तारी की सूचना को गुप्त रखने के लिए दबाव बना रहे थे। हंगामे के बीच यशोदा देवी का आरोप था कि उनके पति ठूठीबारी के एक व्यापारी के वहां काम करते हैं। दोपहर से ही उनका मोबाइल बंद बता रहा था। इसको लेकर ठूठीबारी व्यापारी के वहां भी पता करने पर कुछ पता नहीं चल सका। रात में करीब नौ बजे के आसपास संबंधित व्यापारी अपने अन्य पांच साथियों के साथ गांव पहुंचे और सीधे घर में घुस गए तथा पति के गायब होने की बात को किसी और से बताने से मना किया। जिसके बाद उन्हें कमरे में बंद कर पुलिस को सूचना दी गई। वहीं ठूठीबारी निवासी व्यापारी का कहना हैं योगेंद्र यादव हमारे यहां काम करता था। हमेशा की तरह कल भी नेपाल में दुकान का पैसा लेने गया था। जहां नेपाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपाधीक्षक निचलौल धीरेंद्र कुमार उपाध्याय का कहना है कि कुछ लोगों को बंधक बनाए जाने की सूचना मिली थी। जिन्हें छुड़ाकर मामले की जांच की जा रही है।

## नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित कर किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बुधवार को घोरावल ब्लॉक सभागार में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि घोरावल



विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्या द्वारा श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्या ने घोरावल ब्लॉक के नवनिर्वाचित सभी ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक डॉ अनिल मौर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश एवं उत्तर प्रदेश विकास के नए पथ पर अग्रसर है।भाजपा सरकार देश एवं समाज के सभी वर्गों के लिए सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर काम कर रही है। आज समूचे विश्व में भारत की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ती जा रही है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालजी तिवारी रहे, जबकि अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख दीपक पटेल ने किया। संचालन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष घोरावल राकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री अमरनाथ पटेल, सुरेंद्र मौर्या, अरूण पांडेय, जिला मंत्री कैलाश बैसवार, सुनील चौबे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जायसवाल, छोटू पटेल, लवकुश केशरी इत्यादि मौजूद रहे।

# परीक्षा परिणाम आते ही झूम उठे मेधावी, दिखा उत्साह

महराजगंज। केंद्रीय माध यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं के परीक्षा परिणाम परिणाम जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही जिले के छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई है। बिना परीक्षा दिए पास होने पर जहां छात्रों में हर्ष का माहौल है, वहीं कई बच्चों को पहली ही बोर्ड परीक्षा न दे पाने का भी मलाल देखने को मिला। छात्रों ने कहा कि अगर परीक्षा होती तो परिणाम और बेहतर होता। जिले में 10वीं का परीक्षा परिणाम 98.4 फीसद तक गया है। जिला मुख्यालय के बिशप एकेडमी में सूर्य कुमार गुप्ता ने 97 फीसद अंक प्राप्त किया है । इसी प्रकार शिवम प्रजापति 96.2, सर्वेश कुमार विश्वकर्मा 96, अर्पिता चौरसिया 95.2,आशीष पटेल 94.8, सुजाता पटेल व तन्नू गुप्ता 94.6, आर्यन गुप्ता 94.4, अजय व अमन कुमार 94.2,अभिषेक 93.4, सुभम मिश्रा 93.2, वैभव गुप्ता 93 फीसद अंक प्राप्त किया है।

इसी प्रकार डिवाइन पब्लिक स्कूल में 16 बच्चों ने एक समान अंक 95.6 फीसद अंक प्राप्त किया है। इसमें शीतल यादव, सुरजीत वर्मा व तृप्ति मिश्रा,वैष्णवी पांडेय,श्रृष्टि मिश्रा, नीरज, स्वेता, कुंदन पांडेय, हरगोविद यादव, दिव्यांश गुप्ता,आर्या पटेल, अनूप उपाध्याय, आकाश सिंह,अनंत गुप्ता,आकृति कुमारी व प्रज्ञा मिश्रा शामिल हैं। इसी क्रम में अनुराग 95.2, अभिनव पटेल 90.4, अंकित पटेल 95 व अराधना ने 92.8 फीसद अंक प्राप्त किया है। इसी क्रम में सेंट जोसेफ स्कूल महराजगंज में कार्तिकेय पांडेय ने 94.33, वैष्णवी मिश्रा 93.67, धीरज कुमार प्रजापति 92.5, आयुष कुमार 92.17, आयुष पटेल 92 व आदर्श ने 91 फीसद अंक हासिल किया है। नौतनवा संवाददाता के अनुसार नगर के मार्डन एकेडमी सीनियर सेकेंड्री स्कूल में टीना जायसवाल 95.2, स्नेहा मद्धेशिया 94.8 व साक्षी पटेल ने 94.4 फीसद अंक प्राप्त किया। प्रधानाचार्य जीतेश सिन्हा ने विद्यालय के अन्य छात्रों को भी बधाई दी है। सेंट जेवियर्स हाईस्कूल नौतनवा के प्रबंधक अर्श जायसवाल ने बताया कि उनके विद्यालय में अनुराग मिश्रा 94.8, अंकित यादव 94.6, रितिका मद्धेशिया 94.27 व पूजा श्रीवास्तव 93.6 अंक प्राप्त किया है।

लक्ष्मीपुर संवाददाता के अनुसार पैसिया ललाइन में स्थित मार्डन एकेडमी के प्राचार्य दास एम नारायणन ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड 10वीं में मोहम्मद जहीर अंसारी ने 93.2, अनंतता सिंह 91.8, अर्पिता व अश्वनी ने 82 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का मान बढ़ाया। प्रबंधक अलंकृता मणि त्रिपाठी, संतोष शर्मा, अरविद पांडेय, सर्वेश पांडेय, तेजप्रताप त्रिपाठी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# राजनीति भी इबादत की तरह करता हूः अबु आसिम आजमी

## ओवैसी भाजपा के हाथों की कठपुतलीः अबू आसिम आजमी

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक अबु आसिम आजमी ने आज यहां दो दर्जन से अध ाक मुस्लिम धर्मगुरुओं से कहा संविधान को बचाने के लिए अपना भाई भी अगर हत्यारों से साथ खड़ा हो तो उसे भी मार भगाओ और अखिलेश यादव के हाथ को मजबूत करो। उनका इशारा एआईएमआईएम की ओर था। उन्होंने कहा कि ओवैसी का मैं नाम भी नहीं लेना चाहता। वह तो भाजपा के हाँथों की कठपुतली हैं। नैनी के चकदोंदी मे अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव मो. शारिक के आवास पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए सच से जनता को अवगत कराने की बात भी कही। अबु आसिम आजमी प्रतापपुर मे लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव ऐरम रब्बानी के आवास पर भी रुके और कार्यकर्ताओं से भेंट की। उन्होने लोगों से हाँथ जोड़ कर कहा यह वक्ष्त है एक होने का खुदा के वास्ते एक हो जाओ और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अगर कुरबानी देना पड़े तो भी तय्यार रहो। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि योगी सरकार मे जिसको भी रोजगार की दिक्ष्कत हो वह मुम्बई आए और मुझसे मिले मैं उसके लिए रोजगार का इन्तेजाम करुंगा। अबु आसिम आजमी ने भारत को एक दुलहन करार देते हुए कहा की एक दुलहन की दो आँखे हमारे हिन्दू और मुस्लिम हैं अगर एक आँख भी फूटी तो भारत की खूबसूरती पर दाग लग जाएगा। उन्होंने आजम खान को लेकर सवाल करने वालों पर भी हमला बोला। कहा प्रज्ञा ठाकुर जैसी लोग बीमारी का बहाना बना कर जेल से बाहर हो कर सासंद हो सकती हैं तो आजम खान क्यों नहीं जेल से बाहर हो सकते। कहा मैं राजनीतक यात्रा पर न तो आया हूँ और न ही मुझे अखिलेश यादव ने यहाँ भेजा है। लेकिन मैं आप लोगों से यह अपील करता हूँ की यूपी मे अखिलेश यादव को वोट दे कर यूपी का मुख्यमंत्री बनाईये। अबु आसिम आजमी नैनी के पूर्व विध ाान सभा अध्यक्ष मेराज उद्दीन सिद्दीकी के आवास भी गए। नैनी से वह करैली लगन पैलेस के पास स्थित पूर्व नगर अध्यक्ष अब्दुल सलमान के आवास भी गए जहाँ अल्पसंख्यक सभा के महानगर अध्यक्ष शाहिद प्रधान व मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष सैफ फरीदी हसित अन्य सपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत भी किया। महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष के नगर आगमन पर जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव, महानगर अध यक्ष सै.इफ्तेखार हुसैन, जिला महासचिव संदीप पटेल, नगर महासचिव रवीन्द्र यादव, शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ आफताब आलम, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष मो०इसराइल, पूर्व सासंद नागेन्द्र पटेल, इसरार अन्जुम, मो.गौस, शारिक आफाक, हाजी ओवैस हसन, मेराज उद्दीन, मो.तहजीब, ओ पी यादव, वजीर खान, मुजफ्फर बागी, सबीहा मोहानी, खुशनूमा बानो, महबूब उसमानी, शुएब खाँ, सै.मो.अस्करी, मशहद अली खाँ, बच्चा पासी, राजू पासी, देव बोस, शिव यादव, जामिन हसन, अनस रजा, इशरत, नियामत, तौसीफ, मो.अजहर, माशूक अहमद, औन जैदी, सद्दाम अन्सारी आदि शामिल रहे।

## सपा कार्यकर्ताओं ने 5 अगस्त को होने वाली साइकिल यात्रा को लेकर हिन्दुआरी में की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी के सदर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक



पटेल के नेतृत्व में साइकिल यात्रा को लेकर सदर ब्लाक के ग्राम पंचायत हिंदूआरी में बैठक की गई, बैठक को संबोधित करते हुए सदर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पटेल ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार दिनांक 5 अगस्त 2021 को साइकिल यात्रा के माध्यम से समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाया जाएगा जिसकी तैयारी के लिए बैठक की गई बैठक में मुख्य रूप से जिला कार्यालय प्रभारी अनिल प्रधान सुरेंद्र साहनी सुखराम यादव गरीब लाल दास मनु पांडे के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डायल 100 ने मुझे कॉलेज के दिनों की याद दिलाई:साक्षी तंवर



दिल्ली के एक कॉलेज में एक अभिनेत्री बनने का सपना देखने वाली एक युवा ने एक नुक्कड़ नाटक में भाग लेकर अपने अभिनय के सफर की शुरूआत की थी। उस नाटक का निर्देशन तत्कालीन महत्वाकांक्षी अभिनेता ने किया था। 30 साल बाद, वह युवा एक प्रमुख अभिनेत्री बन गई और आज वह टेलीविजन और ओटीटी प्लेटफार्मों पर अपने काम के लिए जानी जाती है। अब उस महत्वाकांक्षी अभिनेता के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती है जो अब कई राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता मनोज बाजपेयी हैं।

वह साक्षी तंवर हैं। वह बताती हैं कि कैसे फिल्म डायल 100 ने उन्हें पुरानी यादों के पलों के बारे में महसूस करवाया।

साक्षी ने बताया, मनोज सर के साथ काम करना मेरे लिए बहुत खास और भावनात्मक था। मैं दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज में थी, जहां हम एक नुक्कड़ नाटक कर रहे थे और मनोज सर ने उस नाटक का निर्देशन किया था। यह 30 साल पहले की तरह था, मैं एक छात्रा थी उसके तुरंत बाद वह मुंबई आ गए और जब सत्या रिलीज हुई, तो मेरे लिए ऐसा था– मैं उन्हें जानती हूं, वह मेरे पहले निर्देशक हैं, मैं उनसे तब मिलूंगी जब मैं एक अभिनेत्री बनूंगी।

यह अजीब था कि जब से मैंने मुंबई में एक अभिनेत्री के रूप में काम करना शुरू किया, तब से मैं उनसे कभी ठीक से नहीं मिली और निश्चित रूप से, कभी साथ काम नहीं किया। लेकिन यह मेरी इच्छा सूची में था कि मैं मनोज सर के साथ काम करूं या कम से कम एक अभिनेत्री के रूप में उनसे मिलूं क्योंकि मैं उस समय एक अभिनेत्री बनने के सपने के साथ एक छात्रा थी। मैं उनसे एक बार मिलना चाहती थी और कहना चाहती थी कि सर, आपको याद है, मैं वह छात्रा थी जिसे आपने एक नुक्कड़ नाटक के लिए निर्देशित किया था!

अब जबकि साक्षी अभिनय के क्षेत्र में प्रमुख नामों में से एक है, वह केवल अपने आशीर्वाद की गिनती करती है और मनोज के साथ डायल 100 जैसी महत्वपूर्ण फिल्म में काम करने के लिए भाग्यशाली महसूस करती है।

कहानी घर घर की और बड़े अच्छे लगते हैं आदि सहित कई टीवी श्रृंखलाओं के लिए जानी जाने वाली साक्षी ने कहा, इस पर वास्तव में भाग्यशाली महसूस कर रही हूं, हां मुझे 30 साल लग गए, लेकिन मैं मनोज सर जैसे प्रतिष्ठित अभिनेता के साथ स्क्रीन स्पेस साझा कर रही हूं और एक अभिनेत्री की क्षमता में उनसे मिल रही हूं। फिल्म में वह मनोज द्वारा निभाई गई निखिल सूद की पत्नी की भूमिका निभा रही हैं। नीना गुप्ता भी सीमा पल्लव नाम की फिल्म में प्रमुख पात्रों में से एक की भूमिका निभा रही हैं। साक्षी ने कहा, मेरे पास अधिकतम □श्य हैं और वे सभी बहुत महत्वपूर्ण हैं, नीनाजी के साथ। फिल्म में, इन दो पात्रों के बीच बहुत तनावपूर्ण पल हैं। ऑफ–कैमरा, यह बिल्कुल विपरीत था! एक बार निर्देशक कहते हैं कट, हम बस आराम करेंगे। मैं बहुत बात करती हूं और नीना उस विचार का काफी स्वागत करती थी, इसलिए जब भी हमें समय मिलता, हमारे पास बात करने के लिए बहुत कुछ होता! हम हंसते, हंसते और जितना अधिक मैंने नीना जी को देखा करीब से, जितना अधिक मैंने उसकी प्रशंसा की है। यह भी पहली फिल्म थी जिसे मैंने लॉकडाउन के बाद शूट किया था, जिसने वास्तव में मुझे सामान्य स्थिति का एहसास दिया था कि अन्यथा मैं एक सीमित स्थान में फंस गई थी। मैं कहूंगी कि फिल्म करने से मेरे अपने कई काम पूरे हुए शुभकामनाएं! मैं बहुत खुश हूं! सोनी पिक्च र्स फिल्म्स इंडिया द्वारा निर्मित, रेंसिल डीसिल्वा द्वारा निर्देशित, डायल 100 6 अगस्त को जी5 पर रिलीज होगी।

## यामी गौतम ने पूरी की फिल्म ए थर्सडे की शूटिंग, शेयर किया वीडियो

यामी गौतम पिछले काफी समय से फिल्म ए थर्सडे को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें उनका एक बिल्कुल अलग अवतार देखने को



मिलेगा। जब से उन्होंने इस फिल्म की घोषणा की है, प्रशंसक इसकी रिलीज की राह देख रहे हैं। अब यामी ने इस फिल्म की शूटिंग भी पूरी कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पर्दे के पीछे का एक वीडियो शेयर कर यह जानकारी दी है।

यामी ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा, यह सिर्फ मेरे बारे में नहीं है। पूरी टीम की मेहनत से एक फिल्म बनकर तैयार होती है। इतनी प्यारी टीम को अलविदा कहने का वक्त आ गया है। फिल्म ए थर्सडे के सेट पर बेहद खूबसूरत यादें अपने साथ लेकर जा रही हूं। यामी ने पर्दे के पीछे का एक वीडियो क्लिप अपने प्रशंसकों के साथ साझा किया है, जिसे देख दर्शक उन पर खूब प्यार लुटा रहे हैं।

इस फिल्म की कहानी नैना जायसवाल नाम की एक प्लेस्कूल टीचर के इर्द–गिर्द घूमती है, जो 16 बच्चों को बंधक बना लेती है। यामी फिल्म में इसी भूमिका में दिखेंगी। वह अपने करियर में पहली बार नकारात्मक भूमिका निभाने जा रही हैं। इसमें यामी के अलावा अभिनेत्री डिंपल कपाडिया, नेहा धूपिया और अतुल कुलकर्णी भी नजर आएंगे। बेहजाद खंबाटा के निर्देशन में बनी इस फिल्म के निर्माता रॉनी स्क्रूवाला हैं। ए थर्सडे को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाएगा।

निर्देशक आदित्य धर से शादी के बाद यामी ने काम पर वापसी की थी। उन्होंने 29 जून को ए थर्सडे की फिर से शूटिंग शुरू की थी। सेट पर उनका काफी अच्छा स्वागत हुआ था, जिसकी झलक उन्होंने अपने प्रशंसकों को भी दिखाई थी। टीम ने यामी का स्वागत फूल और मिठाई के साथ किया था। यामी ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कर लिखा था, मेरी टीम। जब काम की शुरुआत कुछ इस तरह हो...। शुभकामनाओं के लिए आपका शुक्रिया।

यामी, अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म दसवीं में दिखेंगी। उन्होंने इस फिल्म में सिपाही ज्योति देसवाल की भूमिका निभाई है। इसके अलावा वह सैफ अली खान और अर्जुन कपूर के साथ फिल्म भूत पुलिस में नजर आएंगी। इन दिनों वह इसका प्रमोशन कर रही हैं। वह अक्षय कुमार के साथ फिल्म ओह माय गॉड 2 में भी काम कर रही हैं। यामी फिल्म लॉस्ट में भी काम कर रही हैं। इसमें वह क्राइम रिपोर्टर की भूमिका में दिखेंगी।






## जाने कीवी सलाद रेसिपी और इसके स्वास्थ्य लाभ

विटामिन सी और फाइबर से भरपूर कीवी कई हेल्दी फलों में से एक है. ये विटामिन और मिनरल से भरपूर होता है. ये हमारे स्वास्थ्य को कई तरह से लाभ पहुंचाने में मदद करता है. अपने दैनिक आहार में इसे शामिल कर सकते हैं. आइए जानें इससे सलाद और कई अन्य रेसिपी कैसे बना कर सकते हैं.

कीवी सलाद कैसे बनाते हैं: इसके लिए आपको कीवी, गोभी, गाजर, खीरा और ड्रैगन फल, सलाद पत्ता, नट्स, तिल के बीज और गार्निश करने के लिए नींबू का रस, मिर्च और नमक की जरूरत होगी. एक बाउल में कटी हुई कीवी, कटे हुए केल, कद्दूकस की हुई गाजर, क्यूब्ड खीरा, कटे हुए ड्रैगन फ्रूट, क्रश किया हुआ लेट्यूस डालें. पसंद के बीज और तिल डालें. शहद, नींबू का रस, नमक और काली मिर्च का इस्तेमाल करके एक ड्रेसिंग तैयार करें. अच्छी तरह मिलाएं और इसे ठंडा परोसें. इस स्वादिष्ट सलाद को खाने के अलावा आप कीवी फल और भी कई तरह से खा सकते हैं.

कीवी फल को आहार में शामिल करने के अन्य तरीके: कीवी स्मूदी: इस फल को अपने आहार में शामिल करने का ये एक स्वादिष्ट और भरने वाला तरीका है. इस नुस्खे के लिए आपको बस कुछ सरल सामग्री की आवश्यकता है. इसे बनाने के लिए आपको दूध–1ď2 कप, दही–1ď2 कप, केला–1, 1ď2 कप, बर्फ और कीवी–1 की जरूरत होगी. एक ब्लेंडर में कीवी, दूध और दही डालें. केला और बर्फ में डालें और तब तक ब्लेंड करें जब तक आपको एक क्रीमी स्मूदी न मिल जाए. ऐसे लें इस स्वादिष्ट स्मूदी का आनंद.

कीवी सैंडविच

झटपट नाश्ते का मन हो तो इस कीवी सैंडविच को तैयार करें. इसके लिए आपको कीवी, ब्रेड स्लाइस, मक्खनध्दूध क्रीम की जरूरत होगी. एक नॉन–स्टिक तवे पर, थोड़ा मक्खन डालें और दोनों तरफ से कुरकुरा और सुनहरा होने तक भूनें. आंच से उतार लें और इसके ऊपर दूध की मलाई या मक्खन फैलाएं. कीवी को स्लाइस करके ब्रेड पर रखें और इसका आनंद लें.

माना जाता है कि कीवी फल हमारे कई सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज करता है. कीवी फल खाने के कुछ स्वास्थ्य लाभ हैं – 'पाचन स्वास्थ्य में सुधार करता है. 'ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है.

'इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करता है. 'आंखों के लिए फायदेमंद है. 'सूजन से लड़ता है. 'रक्त के थक्के जमने से रोकता है.

'त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार करता है.

## श्रेयस तलपड़े के साथ वेलकम टू बजरंगपुर में नजर आएंगी जॉर्जिया एंड्रियानी



अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी एक इटैलियन मॉडल के साथ ही एक एक्ट्रेस भी हैं. जहां एक्ट्रेस अपने सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं. ऐसे में जॉर्जिया अब बॉलीवुड में अपना दमदार डेब्यू करने जा रही हैं. जी हां, जॉर्जिया हमें बहुत जल्द अपनी फिल्म श्वेलकम टू बजरंगपुरय में नजर आएंगी. इस फिल्म के लिए एक्ट्रेस पूरी तरह से तैयार हैं.

इस फिल्म में हमें जॉर्जिया एंड्रियानी के साथ मशहूर अभिनेता श्रेयस तलपड़े मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं. इस फिल्म की शूटिंग अब शुरू हो चुकी है. ये फिल्म एक कॉमेडी फिल्म होने वाली है. इस फिल्म के निर्माता अंजुम रिजवी हैं. जहां 26 जुलाई से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है. इस फिल्म को मैड फिल्म्स एंटरटेनमेंट और ए आर एफ सी के बैनर के तले बनाया जा रहा है. इस फिल्म की शूटिंग के लिए फिल्म की पूरी कास्ट बहुत उत्साहित है.

इस फिल्म का निर्देशन आशीष कुमार करने वाले हैं, इसके साथ ही उन्होंने इस फिल्म को लिखा भी है. आशीष इससे पहले श्फन इन गोवाय, श100 ग्राम जिंदगीय जैसी तमाम फिल्मों को बना चुके हैं. इस फिल्म के बारे में बात करते हुए निर्देशक कहते हैं जब मैं इस फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार कर रहा था उस दौरान मैंने अपनी इस फिल्म के लिए श्रेयस तलपड़े जैसे ही किसी अभिनेता के बारे में सोचा था. जिसके बाद अब श्रेयस सर और जॉर्जिया मैम दोनों ही मेरी इस कॉमेडी के लिए पूरी तरह से फिट होते हैं. जब इस फिल्म की कहानी को मैंने उन्हें सुनाया था तो दोनों ने ही फिल्म की कहानी को खूब पसंद किया. इस फिल्म में हमें श्रेयस और जॉर्जिया के अलावा संजय मिश्रा, तिग्मांशु धूलिया और मोहम्मद अली जैसे कई बेहतरीन सितारे नजर आएंगे.

आपको बता दें, जॉर्जिया एंड्रियानी हमें पहले भी कई पंजाबी म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी हैं, जिसके बाद अब वो हिंदी फिल्मों में भी नजर आने वाली हैं. इसके साथ ही एक्ट्रेस इन दिनों साउथ में भी काम कर रही हैं. जहां वो हमें करोलिन कामाक्षी वेब सीरिज में भी नजर आएंगी. जॉर्जिया एंड्रियानी के वर्क फ्रंट को देखते हुए लगता है कि एक्ट्रेस अब हमें लगातार फिल्मों में नजर आने वाली हैं.

## जानिए कैसे डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद है भिंडी?



हम सभी ने भिंडी की सब्जी खाई है. इसका लाजवाब स्वाद लोगों को खूब पसंद आता है. आप जैसे चाहे वैसे इसे बना सकते हैं. लोग भिंडी से विभिन्न प्रकार की डिशेज बनाते हैं. इसमें कई तरह के पोषक तत्व होते हैं. भिंडी एक सुपर फूड है जो डायबिटीज और कैंसर के मरीज के लिए बहुत फायदेमंद होता है. भिंडी में विटामिन बी, विटामिन सी, फोलिक एसिड और कैल्शियम होता है. इसमें कैलोरी कम होता है और फाइबर अधिक होता है. भिंडी स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है. आइए जानते हैं कैसे भिंडी डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद होता है.

डायबिटीक के लिए फायदेमंद है: शुरुआती स्टेज में भिंडी खाना फायदेमंद होता है. एक शोध में पाया गया कि जो लोग भिंडी खाते हैं उनका शुगर लेवल कम रहता है. तुर्की में तो कई सालों से भिंडी के बीजों को भूनकर डायबिटीज के इलाज में इस्तेमाल किया जाता है.

फाइबर से भरपूर होता है: भिंडी एक ऐसी सब्जी हैं जिसमें फाइबर की मात्रा बहुत अधिक होती है, जो डायबिटीज को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. ये एंटी ड्यूरेटिक फूड है जिसमें फाइबर अधिक होता है और शुगर का लेवल कम होता है. ये ग्लाइसेमिक कंट्रोल को बढ़ावा देता है और इंसुलिन सेंसिटिविटी को भी बेहतर करता है. फाइबर होने की वजह से पेट लंबे समय तक भरा रहता है और जल्दी भूख भी नहीं लगती है. इसके अलावा पेट की समस्या से निजात दिलाता है.

एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है: भिंडी में एंटी ऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा होती है जो तवना को कम करने में मदद करता है. डायबिटीज का मतलब सिर्फ खाने पीने पर नहीं, अपने लाइफस्टाइल में भी बदलाव करना होता है ताकि आप डायबिटीज को कंट्रोल में रख सकें. तनाव को कम करने से आप इन बीमारियों से बचे रह सकते हैं.

कोलेस्ट्रोल को मैनेज करता है: रिसर्च में पाया गया कि डायबिटीज के मरीजों में कोलेस्ट्रोल की मात्रा अधिक होती है. इसलिए हमें डाइट में एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर चीजें खाना चाहिए. ताकि कोलेस्ट्रोल के लेवल नियंत्रित रहें.

किस तरह डाइट में शामिल करें भिंडी: आप भिंडी का इस्तेमाल कई तरह से कर सकते हैं. आप इसे प्याज और टमाटर के साथ मिलाकर बना सकते हैं. इसके अलावा भिंडी को काटकर रात में पीन में भिगोने के लिए रख दें और सुबह इसका पानी पिएं. आप भिंडी के बीज को सूखाकर पीस लें. डायबिटीज के मरीज के लिए ये पाउडर सप्लीमेंट बहुत फायदेमंद होता है.

# पंचायत मित्र का काला कारनामा, आवास लाभार्थियों की लेबरी दूसरे खाते में डाल कर निकाली

सकरन (सीतापुर)। मामला विकासखंड सकरन की ग्राम पंचायत ताजपुर सलौली का है। जहां लोगों को आवास तो मिला लेकिन आवास के साथ आने वाली लेवरी का पैसा पंचायत मित्र श्याम सुंदर पुत्र संतु द्वारा अपने ही लोगों का खाता फीड करवा कर निकलवा लिया गया। लाभार्थियों ने जब इसके बारे में जानकारी ब्लॉक स्तर पर की तो पता चला कि आप लोगों का पैसा निकल गया है। जब इसके बारे में ग्रामवासियों ने प्रधान रामगोपाल से कहा रामगोपाल ने पंचायत मित्र से कहा की लाभार्थियों के आवास की लेवरी आपने अपने लोगों का खाता लगाकर क्यों निकाल लिया तो पंचायत मित्र श्याम सुंदर ने अपने ही लोगों से प्रधान के खिलाफ फ र्जी बयान करवा कर प्रधान रामगोपाल की छवि को खराब करने के लिए उनके ऊपर ही ब्लेम लगाना शुरू कर दिया।

जबकि गांव के प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिन लोगों को आवास मिला है। उन लोगों ने बयान किया कि ग्राम प्रधान से कोई शिकायत नहीं है। प्रधान हम गरीबों की आवास के साथ आने वाली लेबरी दिलवाने के लिए पूरा प्रयास कर रहे हैं और हम लोगों से प्रधान ने आवास के नाम पर कोई पैसा नहीं लिया। पंचायत मित्र से पीडिघ्त ग्रामवासी नेकराम पुत्र बद्री, मंतूना पत्नी रामचंद्र, राजकुमारी पत्नी सोबरन, राम कुमारी पत्नी ईश्वर दिन, चमेली पत्नी मदनलाल, माया पत्नी राम सिंह, श्रीपति पत्नी बनवारी, लालाराम पुत्र श्रीराम, विनय कुमारी पत्नी अमर सिंह, सरोज पुत्र उमराव, संतोष पुत्र ईश्वर दीन, मधु पत्नी दीपू गांव के आवास प्राप्त समस्त लाभार्थियों का कहना है कि आवास के साथ आने वाली लेबरी का पैसा हमारे गांव के पंचायत मित्र श्यामसुंदर दूसरे का खाता लगाकर पैसा निकाल लिया। पीडिघ्त व्यक्ति दर.दर भटकने के लिए मजबूर हैं। पीडिघ्त व्यक्तियों ने उच्च अधिकारियों को भी इसके बारे में अवगत कराया। लिखित प्रार्थना पत्र भी दिया लेकिन अभी तक उनको न्याय नहीं मिला। जब इस संदर्भ के बारे में ताजपुर सलौली ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी पुतान भार्गव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। लाभार्थियों के डिटेल निकलवाये जा रहे हैं डिटेल निकालने के बाद यदि पंचायत मित्र दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी और ग्राम पंचायत में चाहे प्रधान हो या कर्मचारियों हो अगर गरीबों का शोषण करेगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# मिश्रिख, कसमंडा और सिधौली सीएचसी को मिला कायाकल्प अवार्ड

सीतापुर। स्वास्थ्य केंद्रों को साफ. सुथरा रखने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिले के तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को वर्ष 2020–21 का कायाकल्प अवार्ड मिला है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मधु गैरोला ने देते हुए बताया कि इस साल जिले के मिश्रिखए कसमंडा और सिधौली सीएचसी को यह अवार्ड मिला है। सीएमओ ने बताया कि इस पुरस्कार को प्राप्त करने के लिए चिकित्सा इकाइयों पर गुणवत्तापरक सेवायें देकर रोगी संतुष्टि में वृद्धि करनाए साफ सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, चिकित्सालय कर्मियों के कार्यशैली एवं दक्षता में सुधार करना, हाइजिन प्रमोशन, सेनिटाइजेशन, संक्रमण प्रबंधन आदि बिन्दुओं पर जांच टीम के द्वारा अंक दिए जाते हैं। अपर मुख्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेंद्र साही ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने कायाकल्प अवार्ड के लिए चुनी गयी गयी प्रदेश की 215 सीएचसी की सूची जारी की है। जिसमें सीतापुर की तीन सीएचसी मिश्रिखए कसमंडा और सिधौली ने अपनी जगह बनायी है। सीएचसी के अधीक्षकों सहित वहां की मेडिकल और पैरा मेडिकल टीम की मेहनत का ही यह परिणाम है कि इन सीएचसी को कायाकल्प अवार्ड मिला है। अन्य चिकित्सालयों को भी इस अवार्ड के लिए प्रयास करने चाहिए। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी राजकुमार ने बताया कि कई वर्षों से चिकित्सा इकाइयों में स्वच्छता व्यवस्था के सुदृणीकरण के लिए कायाकल्प अवार्ड दिया जा रहा है। इस अवार्ड की शुरुआत 15 मई 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गयी थी। उपरोक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को 1 लाख रु पुरस्कार के रूप में प्रदान किया जाता है।

## श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन

गोंदलामऊ (सीतापुर)। धीरेन्द्र प्रताप सिंह क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोठावां में कथावाचक सुधीर चन्द्र अवस्थी नैमिष धाम वाले की अगुवाई में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन आज से शुरू होगा। विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चारण के बाद कोठावां में बने श्री थानेश्वर महादेव धाम में कथा शुरू होगी। नैमिष से विशेष तौर पर पधारे कथावाचक सुधीर चन्द्र अवस्थी भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा सुनाएंगे। प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक व रात्रि में 8 बजे से 12 बजे तक रहेगा। वहीं ग्राम प्रधान सरिता सिंह ने सभी भक्तजनों से अपील की है कि वह सपरिवार कथा श्रवण करेंए क्योंकि आज की पीढ़ी को कथा सुनना बहुत ही जरूरी है। हम बच्चों में धार्मिक संस्कार देना चाहते हैं। उसी उद्देश्य से इसका आयोजन प्रति वर्ष सबके सहयोग से किया जाता है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी जैसी बीमारियों से समाज को भगवान मुक्ति दें। उन्होंने कहा कि आज की भागमभाग भरी जिंदगी में धार्मिक और नैतिक मूल्य कहीं गुम से हो गए हैं। ऐसे में लोगों को अपनी जड़ों की ओर वापस लौटना होगा। इसके लिए समाज में जागरूकता लाने की जरूरत है। समाज के हर व्यक्ति को अपनी संस्कृति और धार्मिक मूल्यों को सहेजने और उसे लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रयास करना होगा।

# डाक्टर की क्लीनिक में घुसकर तलवार से काट डाला आरोपी गिरफ्तार पैसे के लेन देन का था विवाद

सीतापुर। जिले के हरगांव इलाके में जमीन की खरीद फरोफ् त में किए गए पैसे के लेन देन को लेकर चल रहे विवाद में एक दबंग ने डाक्टर की क्लीनिक में घुसकर तलवार से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर हुई इस वारदात को अजांम देकर भाग रहे हमलावर को सिपाहियों ने दौड़ कर आला कत्ल के साथ गिर तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक हरगांव धर्म प्रकाश शुक्ला ने बताया कि मृतक की मां की तरफ से तहरीर दे दी गई है। वारदात में मृतक के पिता भी हमले में घायल हुए हैं। सूचना पाकर मौके पर भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे पुलिस अधीक्षक सीतापुर, एएसपी नार्थ व क्षेत्राधिकारी सदर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंद्रासन के मूल निवासी मुनेन्द्र प्रताप वर्मा 50 पुत्र गजोधर प्रसाद वर्मा वर्तमान पता केशरीगंज थाना लहरपुर पेशे से डाक्टर है और इन्होंने अपना क्लीनिक हरगांव लहरपुर मार्ग पर मुंद्रासन में मां कमला चिकित्सालय के नाम से खोल रखा है।

इसी जमीन को लेकर गांव के ही निवासी अच्छे लाल पुत्र कामता प्रसाद से पैसे के लेन देन को लेकर विवाद काफी समय से चल रहा है। डाक्टर ने यह जमीन कामता से लगभग दस वर्ष पूर्व खरीदी थी और पैमाइश को लेकर विवाद था। मंगलवार को लगभग साढ़े 11 बजे दिन में जब डाक्टर वर्मा अपने क्लीनिक पर बैठे मरीज देख रहे थे तभी गांव का ही निवासी अच्छे लाल पुत्र कामता प्रसाद अपने हाथ में तलवार लेकर क्लीनिक में अचानक दाखिल हुआ और जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक वह डाक्टर के कमरे में घुसकर तलवार से हमला करने लगा। डाक्टर की चीख पुकार सुनकर मृतक के पिता सहित क्लीनिक कर्मचारी डाक्टर के कमरे की तरफ भागे और डाक्टर घायलावस्था में बाहर की तरफ निकल भागे। इस अफरा तफरी के बीच हमलावर ने डाक्टर के पिता गजोधर प्रसाद वर्मा के ऊपर भी हमला कर दिया जिससे वे भी घायल हो गए और डाक्टर की गिरकर मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर भारी पुलिस बल के साथ पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डा राजीव दीक्षित, क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय के साथ हरगांव, लहरपुर, तालगांव, कोतवाली देहात थानों की पुलिस भारी सं या में घटनास्थल पहुंचे। उच्चाधिकारियों के साथ मौके का बारीकी से मुआयना करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक धर्म प्रकाश शुक्ला ने मृतक की मां की तहरीर पर अभियुक्त अच्छा लाल पुत्र कामता प्रसाद निवासी मुंद्रासन थाना हरगांव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी आरपी सिंह ने बताया कि जमीन की खरीद फरो त में किए गए पैसे के लेन देन को लेकर हुए विवाद का ही परिणाम है। जिसको लेकर हत्यारे ने बड़े वीभत्स तरीके से वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस द्वारा प्रकरण में कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

बिसवां नगर (सीतापुर) ।कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अहमदाबाद में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में जामुन के पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव विच्छेदन गृह भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली बिसवां अर्न्तगत ग्राम अहमदाबाद निवासी दशरथ पुत्र शुभकरण का शव गांव की एक बाग में जामुन के पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। जब ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर प्रभारी निरीक्षक ओपी तिवारी अपने दल बल के साथ पहुंचे और शव को पेड़ से उतरवाकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ओपी तिवारी ने बताया कि ग्राम अहमदाबाद में 25 वर्षीय युवक शव पेड़ से लटकता हुआ पाया गया है। मौके पर पुलिस मौजूद है विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# ससुराल गया व्यक्ति हुआ गायब, अभी तक नहीं लगा सुराग

बिलग्राम,हरदोई ।ससुराल गये एक महीना से ज्यादा समय बीतने के बाद भी अब तक वापस घर नहीं लौटने पर पिता ने ससुराली जनों पर बेटे को गायब करने का आरोप लगाया है।कोतवाली क्षेत्र के नौमलिकपुर गांव निवासी शिवराज इन दिनों अपने बेटे की तलाश में रोते बिलखते दर दर भटकने को मजबूर हैं।

लेकिन कहीं से भी बेटे का सुराग नहीं लग रहा है। वहीं पुलिस भी सुस्त रवैया अपनाते हुए अब तक गायब धर्मेंद्र को एक महीने से ज्यादा बीत जाने के बाद भी तलाश नहीं कर पायी है। मामला दो थानों के बीच का है इस लिए थाना प्रभारी अपनी अपनी जिम्मेदारी एक दूसरे पर डाल कर मामले को लटका रहे हैं ।पिता शिवराज का कहना है कि लगभग चार वर्ष पूर्व माधौगंज थाना क्षेत्र के गांव सहिजना निवासी रावेंद्र की बेटी विनीता के साथ मेरे बेटे की शादी हुई थी ,लेकिन शादी के बाद अक्सर मियाँ बीबी में तकरार होती रहती थी लगभग दो महीना पूर्व आपसी तकरार के चलते वो अपने दो बच्चों को लेकर पिता के साथ मायके चली गयी थी, जिसके बाद धर्मेंद्र कई बार अपनी पत्नी को बिदा कराने गया लेकिन ससुराली जनों ने विनीता को धर्मेंद्र के साथ भेजने से मना कर दिया। पिता के मुताबिक,पच्चीस जून को धर्मेंद्र के ससुर ने फोन कर धर्मेंद्र से कहा कि तुम्हारा बेटा आग से जल गया है,और तुम देखने भी नहीं आये, ये खबर सुनकर धर्मेंद्र बदहवास होकर शाम पांच बजे ही साइकिल से अपनी ससुराल को गया था लेकिन तब से वो गायब है ।उसी रात को मैने अपने समधी रावेन्द्र से फोन पर बात की लेकिन उन्होने ठीक से बात नहीं की ।मैने हर जगह पुत्र को तलाश किया लेकिन कोई अता–पता नहीं चल पाया पुलिस से भी गुहार लगाई लेकिन वो भी मेरी परेशानी को गंभीरता से नहीं ले रही है। एक माह से ज्यादा गुजर गया है लेकिन अब तक बेटे का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

# समाजवादी साइकिल रैली में दिखेगा जोश और जनसमर्थनः बब्बू

## पूर्व विधायक ने 5 अगस्त की साइकिल यात्रा को लेकर तैयारियों की समीक्षा की

शाहाबाद,हरदोई ।समाजवादी पार्टी 5 अगस्त को वरिष्ठ समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्रा की जयंती पर प्रत्येक तहसील पर समाजवादी साइकिल यात्रा निकालेगी ।तहसील शाहाबाद में पूर्व विधायक आसिफ खाँ बब्बू के नेतृत्व में साइकिल यात्रा निकलनी है ।इस साइकिल यात्रा को लेकर पूर्व विधायक ने सोमवार को अपने आवास मो0एल बलाइकोट पर पदाधिकारियों के मध्य समीक्षा बैठक करके कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

पूर्व विधायक आसिफ खा बब्बू ने कहा कि लोगो को जागरूक करने के लिए 5 अगस्त को साइकिल यात्रा में बड़े जोश के साथ भारी जनसमर्थन देखने को मिलेगा क्योकि आम जनता को अब सारी हकीकत मालूम हो गई है ।पूर्व विधायक ने साइकिल यात्रा में बड़ी संख्या में भागेदारी करने की अपील करते हुए कहा कि इस माध्यम से लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की विफलताओं की जानकारी दी जाएगी ।विधानसभा चुनाव 2022 के लिए सपा कार्यकर्ता अपने लक्ष्य को लेकर बिल्कुल तैयार है ।साइकिल रैली के माध्यम से लोगों को महंगाई, भ्रष्टाचार,बेरोजगारी,अपराध,पंचायत चुनाव में मनमानी के संबंध में जागरूक करेंगे। साइकिल यात्रा के लिये वासितनगर,भदासी,उमरिया,कालागाढ़, परियल,उधरनपुर आदि ग्रामो को चयनित किया गया और इसके लिए ब्लॉक स्तर पर प्रत्येक पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है और क्षेत्र के युवाओ से बढ़चढ़ कर इस साइकिल यात्रा में प्रतिभाग के लिये योजना बनाई गई है ।पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके लोगो को उनकी जिम्मेदारी सौपते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिये रूपरेखा तय की गई ।इस मौके पर कमलेश कुमार,हेमंत राव,प्रधान अनिल पंकज सैनी,भूरे सिंह,अवनीश राजपूत,अम्बरीष वर्मा,सुनिल कुमार,विपिन कुमार कनौजिया,सभासद लक्ष्मी त्रिपाठी,किशन कुमार राजपूत,विनोद पाठक,मोनू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की सैकड़ों शिकायतों के निस्तारण में लापरवाह हैं अधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

कानपुर। नगर निगम और जलकल अधिकारियों की उदासीनता के चलते मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में आने वाली शिकायतों पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके चलते सैकड़ों की संख्या में शिकायतें डिफाल्टर हो रही हैं। शिकायतकर्ता को ऑनलाइन शिकायत करने के बावजूद भी विभागों के चक्कर काटना पड़ रहा है। कई विभागों की 139 से ज्यादा शिकायतें डिफाल्टर हो गई हैं। इसका मतलब ये है कि इन शिकायतों को तय समय पर निस्तारित नहीं किया गया। आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन में आने वाली शिकायतों को निस्तारित करने के लिए 21 दिन का समय दिया जाता है। इसके बाद भी शिकायत का निस्तारण नहीं होता है तो वह डिफाल्टर कैटेगिरी में चली जाती है। जबकि मुख्यमंत्री लगातार ऑनलाइन शिकायतों के निस्तारण पर नजर रखते हैं। इसके अलावा महीने के हर तीसरे सोमवार को इसकी समीक्षा होती है। समीक्षा से पहले अधिकारी फर्जी निस्तारण कर शिकायतों को जीरो कर देते हैं। नगर निगम और जलकल द्वारा बरती जा रही लापरवाही को लेकर अपर नगर आयुक्त रोली गुप्ता ने सभी विभागों को नोटिस भी जारी किए हैं। जल्द निस्तारण के निर्देश दिए हैं। वहीं नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की सबसे ज्यादा शिकायतें डिफाल्टर हैं। इसमें सबसे ज्यादा कंप्लेन कूड़ा व नाला सफाई से संबंधित हैं। सुबह से ही आईजीआरएस वेबसाइट न चलने से शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

# 8 वर्षीय बच्ची की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

हरदोई। 08 वर्षीय बच्ची की उसके गांव के पडोसी व दूर के रिश्ते 35 वर्षीय युवक द्वारा हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। आरोपी युवक को पुलिस ने आलाकत्ल के साथ बरामद कर गिरफ्तार किया है।अपर पुलिस अधीक्षक कपिल देव सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की एक बच्ची का शव गन्ने के खेत में पड़ा है। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस टीम व फील्ड यूनीट की टीम के साथ पुलिस अधीक्षक के द्वारा मौका मुआयना किया गया ।वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित कराये गए। साथ ही, तत्काल ही घटना का खुलासा और आरोपी की गिरफ्तारी के लिये 05 टीमों का गठन किया गया ।उल्लेखनीय हो कि टीमों में दिन–रात लगातार परिश्रम किया तथा बिल्कुल सटीक ढंग से काम करते हुए। वास्तविक हत्यारे को गिरफ्तार करने में सफलता पायी। यह हत्यारा बच्ची के गांव का ही बाबूराम पुत्र सीताराम नि ग्राम गोडाखेड़ा थाना हरियावां निकला। इसकी बच्ची के परिवार से निकटता थी, परिवार के बीच उठना बैठना था। आरोपी के ब्यानों के अनुसार, उसने मृतका की बच्ची की माँ को 03 लाख रु उधार दे रखा था, जिसे वह पिछले कई महीनों से मांग रहा था। बच्ची की माँ रुपये वापस नहीं कर पा रही पा रही थी। इसी प्रतिशोध में आरोपी के द्वारा बच्ची की हत्या किया जाना कबूला गया है, साथ ही उसकी निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू बरामद कर लिया गया है ।उल्लेखनीय है कि अब तक की जांच में बच्ची के साथ दुराचार किये जाने की पुष्टि नहीं हुई है ।पीएम रिपोर्ट व एफएसएल की रिपोर्ट के आधार पर सत्यता की जानकारी होने पर इस तथ्य के बारे अवगत कराया जा सकेगा। अभियुक्त को न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।गिरफ्तार करने वाली टीम में प्र नि अरविन्द सिंह थाना हरियावां,उनि अशोक कुमार सिंह हेका धीरेन्द्र सिंह,का नरेन्द्र कुमार,का अमित श्रीवास शामिल रहे।

## प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरदोई। सांडी थाना क्षेत्र के सैदापुर में एक आम के बाग में प्रेमी युगल ने रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या की ।सूचना मिलने थाना प्रभारी बीरेन्द्र तोमर भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। सांडी थाना क्षेत्र के सैदापुर निवाशी शिल्पी कुशवाहा पुत्री भैयालाल वही प्रेमी नवावगंज निवासी सुनील यादव पुत्र राकेश यादव, सुनील सान्डी कस्बे के विश्वबंद शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज मे इंटर में पढ़ता था। कुछ ही देर बाद मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी विशाल यादव जांच पड़ताल कर रहे हैं। प्रेमी का पिता राकेश यादव ने मार कर लटकाने का आरोप लगाया है। प्रेमिका चार भाई बहन भाई बहनों में प्रेमिका सबसे बड़ी बहन है ।छोटा भाई आकाश उस से छोटी बहन शीलू देवी है सबसे छोटा भाई अंकुश है प्रेमी भी 3 भाई बहन है। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेज दिया है।

## लैब टेक्नीशियन समेत दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

हरदोई। चुनावी रंजिश को लेकर दबंगों ने प्रधान पति पर जान से मारने की नियत से फायर झोंक दिया ।प्रधान पति बाल बाल बचा ।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक आरोपी को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।कोतवाली क्षेत्र के गांव गोसवा निवासी प्रधान पति रामप्रकाश सोमवार की दोपहर किसी आवश्यक कार्य से मल्लावां जा रहा था। शारदा नहर गोसवा पुल पर गांव के ही वसीक पुत्र लतीफ ,अनुज कुमार उर्फ लट्टू (एलटी), अतीक पुत्र हबीब, हारुन पुत्र अयूब जाने मारने कि नियत से गाड़ा बंदी किए थे जैसे ही प्रधान का पति नहर पुल पर पहुंचा तभी तमंचे से फायर कर दिया ।आरोपी के तमंचे से किसी कारण वश फायर न हो पाने से प्रधान पति मौके से जान बचाकर घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। उक्त मामले में कोतवाल ज्ञानेंद्र सिंह घटना को संज्ञान में लेते हुए तत्काल मौके पर पहुंचे ,जहां पर वसीक के पास से एक देसी तमंचा व एक जिंदा कारतूस व मिस कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस तीनों की तलाश कर रही है।

# ट्रक में घुसी बाइक, लगी आग, एक की जलकर मौत

बिलग्राम/हरदोई ।माधौगंज कटरा बिल्हौर मार्ग शेखवापुर गांव के पास भूसे से लदे ट्रक में सामने से आ रही बाइक जा घुसी, जिससे मोटरसाइकिल सवार की जलकर मौत हो गई, वहीं दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाइक सवार रामनिवास 19 वर्ष पुत्र सुरेंद्र अपने दोस्त आदर्श के साथ हरदोई से दवा लेकर अपने गांव पटियनपुरवा मजरा खंदरिया थाना माधौगंज आ रहा था तभी शिखवापुर गांव के पास कानपूर की ओर से हरदोई की ओर जा रहे ट्रक में अचानक उसकी मोटरसाइकिल जा घुसी, बाइक पर पीछे सवार आदर्श दूर जा गिरा, जबकि बाइक चालक ट्रक के नीचे आ गया, जैसे ही मोटरसाइकिल ट्रक के नीचे पहुंची तो बाइक में रगड़ लगने से ट्रक में अचानक आग लग गई जिससे बाइक सवार सुरेंद्र की जलकर मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार आदर्श गंभीर रूप से घायल हो गया। जैसे ही लोगों को इस घटना की खबर हुई फौरन ही ग्रामीणों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया घायल व्यक्ति को आनन–फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगंज पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

घटना की जानकारी होते ही दमकल की गाड़ी भी मौके पर पहुची,साथ ही कोतवाली बिलग्राम व थाना माधौगंज की पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच कर बचाव कार्य में जुट गयी।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर, जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं0– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व0 श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादकः– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# अवैध संबंधों के शक में पत्नी की हत्या कर, पति ने लगाया फाँसी का फंदा

दैनिक बुद्ध का संदेश

कानपुर। देहात में एक किसान ने अवैध संबंधों के शक के चलते पहले अपनी पत्नी का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थोड़ी देर बाद जब बेटे घर पहुंचे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। सीढ़ी लगाकर बेटे ने घर में प्रवेश किया। इस बीच मां को जमीन पर मृत पड़ा और पिता को फांसी पर झूलता देख बेटे ने चिल्लाना शुरू किया। आवाज सुनकर पड़ोसी भी वहां जमा हो गए। इसके बाद पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अब मामले की जांच कर रही है। घटना जिले के थाना गजनेर के जिठरौली गांव की है। थाना गजनेर के जिठरौली गांव में देर रात किसान दशभान सिंह का पत्नी प्रीती से झगड़ा हो गया। मामला इतना बढ़ा कि पति ने पहले पत्नी को पीटा फिर इसके बाद उसकी हत्या कर दी। पत्नी की हत्या के बाद पति ने गले में फंदा डालकर खुद भी फांसी लगा ली। बेटा हेमंत ने बताया कि वो छोटे भाई राजा के साथ ई रिक्शा में खाद लादकर खेतों पर गया था। जब वो लौटा तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। उसने पड़ोस से सीढ़ी ली और घर की दूसरी मंजिल पर पहुंचा। उसने देखा मां जमीन पर मरी पड़ी थी, जबकि पिता फांसी के फंदे पर झूल रहे थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर सीओ अकबरपुर अरुण कुमार, प्रभारी निरीक्षक गजनेर गंगा प्रसाद यादव फॉरंसिक टीम लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम को जांच के दौरान एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि दशभान ने पहली पत्नी की मौत के 8 साल बाद उसने प्रीति से दूसरी शादी की थी। शादी के बाद से ही प्रीति ज्यादातर मायके में ही रहती थी। इसलिए दशभान को हमेशा उसपर शक रहता था। मायके में रहने को लेकर अकसर दोनों में झगड़ा होता। कई बार तो मारपीट की नौबत बन जाती थी। ग्रामीणों ने बताया कि रोज की तरह देर रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ था लेकिन पति–पत्नी के झगड़े के चलते किसी ने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। हत्या करने से पहले पति–पत्नी के बीच झगड़ा हो गया। मामला इतना बढ़ा कि दोनों में हाथापाई की नौबत आ गई। पति ने पत्नी को पीट दिया। इस बीच पत्नी के चेहरे और गर्दन में चोटे के निशान आए। साथ ही पत्नी की नाक और मुंह से खून नकलने लगा। पुलिस ने पत्नी की गर्दन पर डंडा रखा और डंडे से ही गला दबाकर हत्या कर दी है। जिससे उनकी नाक व मुंह से खून निकलने लगा। पुलिस को घटना स्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। सुसाइड नोट पर पति ने पत्नी के चरित्र पर कई सवाल किए हैं।

# जमानत के फर्जी कागजात तैयार करने वाला गैंग क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा

दैनिक बुद्ध का संदेश

कानपुर। जेल में बंद अभियुक्तों के लिए फर्जी जमानतदार और जमानत के कागज तैयार करने वाला बड़ा गैंग क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा है। कल्याणपुर थाना क्षेत्र में कई गई बड़ी कारवाई में गैंग के पांच सदस्य दबोचे गए हैं। अभियुक्तों में से एक अधिवक्ता, दो मुंशी और दो फर्जी जमानतदार शामिल हैं। इनके पास से बड़ी मात्रा में जमानत के फर्जी कागजात, फोटो व अन्य प्रमाण पत्र बरामद हुए हैं। अभियुक्तों की पहचान ग्वालटोली निवासी एडवोकेट शील कुमार गुप्ता, रायपुरवा निवासी सचिन कुमार सोनकर और कल्याणपुर निवासी संतोष सिंह के रूप में हुई है। सचिन और संतोष मुंशी का काम करते हैं। साथ ही जनपद औरैया निवासी वृंदावन और सुरेंद्र भी दबोचे गए हैं। वृंदावन और सुरेंद्र यह दोनों अधिवक्ता के कहने पर फर्जी जमानतदार बनकर न्यायालय में उपस्थित होते थे। अधिवक्ता और उसके साथी जेल में बंद उन अभियुक्तों के लिए जमानतदार तैयार करते थे जिनकी जमानत तो हो जाती थी लेकिन जमानतदार नहीं



मिलते थे। यह स्थिति हार्डकोर क्रिमिनल के केस या फिर गैरजनपद या राज्य के बंदियों के सामने आती थी। दरअसल जमानत के लिए स्थायी जमानतदार होने का नियम है। ऐसे बंदियों के मामले में गैंग फर्जी जमानतदार और जमानत के फर्जी कागजात तैयार करता था। पुलिस को न्यायालय से कई बार फर्जी जमानतदार होने का इनपुट मिल चुका था। यह इनपुट गैर जनपद और राज्यों के बंदियों के प्रकरण में अधिक था। उन्नाव और औरैया जनपदों के मामले में 90 प्रतिशत तक फर्जी जमानतदार हाजिर हो रहे थे। इस पर क्राइम ब्रांच लंबे समय से सक्रिय थी और गैंग को पकड़ने के लिए जाल बिछा रखा था। उसी में यह गैंग फंस गया। पूर्व में थाना कोतवाली में भी फर्जी जमानत करवाने वाले बिठूर के रहने वाले 61 लोगों को पुलिस जेल भेज चुकी है। 21 आधार कार्ड, 3 आरसी, 4 लिफाफे माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत किये गये थे जमानत तस्दीक के लिए, 3 वोटर आईडी, 2 निवास प्रमाण पत्र, 165 फोटो, 6 सील मुहर, 12 लेटर पैड, 2 स्टांप, 7 जामीनदार प्रपत्र, एक हिस्ट्री टिकट। इनका इस्तेमाल करके फर्जी जमानतदार तैयार किये जा रहे थे।




## हाई बोल्टेज करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। घोरावल कोतवाली क्षेत्र के खुटहा गांव में हाई बोल्टेज करेंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को खुटहा गांव में रोपाई के दौरान आशुतोष उम्र 17 वर्ष पुत्र सीताराम की हाई बोल्टेज की चपेट में आने से मौत हो गई। कथित रूप से वह पानी के लिए मोटर का तार जोड़ रहा था। किसी तरह वह हाई बोल्टेज करेंट की चपेट में आ गया और मौके पर उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मिली सूचना पर पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। ओबरा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा में




स्नातक (बीए,बीएससी, बीकॉम)प्रथम वर्ष शैक्षणिक सत्र 2021–2022 में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि प्रवेश हेतु आवेदन पत्र महाविद्यालय की वेबसाइट वदसपदमहचहबवइतं.वतह पर दिनांक 4 अगस्त 2021 से भरा जा रहा हैं। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर दिये गये निर्देशों के अनुसार 16 अगस्त 2021 तक आवेदन पत्र भर लें। अभ्यर्थी भरे हुए आवदेन पत्र का प्रिन्ट लेने से पहले ध्यानपूर्वक पढ़ लें ताकि उनसे सम्बन्धित कोई भी सूचना गलत ना हो। उक्त आशय की जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार ने दी।

## राष्ट्रीय पंचायत राज संगठन ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश, हमीरपुर। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के बैनर तले जनपद हमीरपुर में हर स्वरूप व्यास प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी बुंदेलखंड के नेतृत्व में संगठन की जिला अध्यक्ष कुमारी ईशू राजपूत मंडल उपाध्यक्ष आनंद



अशोक सचान के साथ संगठन के जिला स्तरीय पदाधिकारी व ब्लॉक अध्यक्ष तथा 100 से अधिक ग्राम प्रधानों ने प्रदेश संगठन के आवाहन पर मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल महोदय को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी हमीरपुर के माध्यम से आज दिया गया। ज्ञापन के पूर्व प्रधानों ने हमीरपुर कलेक्ट्रेट में एक बैठक की तथा नारे लगाते हुए जाकर ज्ञापन दिया इसके बाद जिला मुख्यालय में ही संगठन का एक कार्यालय जिला उपाध्यक्ष ममता तिवारी के आवास पर खोला गया। जिसका उद्घाटन संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष व्यास ने किया। इस कार्यालय में जिलेभर से आए प्रधानों ने अपने विचार व्यक्त किए वह संगठन को मजबूत करने आगे बढ़ाने पर बल दिया। ममता तिवारी के प्रतिनिधि सर्वेश तिवारी प्रधान स्वास्थ्य खुर्द को कार्यालय प्रभारी बनाया गया तथा जिले के सभी प्रधानों ने जिला मुख्यालय में संगठन का कार्यालय खुलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़, पुलिस ने 7 अवैध असलहा किए बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक ने किया सहित कारतूस किए बरामद, अभियुक्तों ने दबिश देने गई पुलिस टीम पर की थी। फायरिंग,राठ थानाक्षेत्र के गौहानी गांव का मामला।

## बेतवा नदी का जलस्तर बढ़ा

दैनिक बुद्ध का संदेश



हमीरपुर। शहर दो नदियों से घिरा हुआ है। एक तरफ बेतवा नदी दूसरी ओर यमुना नदी मुख्यालय के निचले इलाको में बाढ़ जैसे हालत को देखते हुए जिला अधिकारी और पुलिस कप्तान ने लिया। जायजा साथ में लोगो को किया आगाह कहा बाढ़ आती है तो हम पूरी तरह से तैयार बाढ़ से निपटने के लिए।

## सर्पदंश से बालिका की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। घोरावल कोतवाली क्षेत्र के आमडीह में रात्रि को सोते समय एक बालिका को सर्प ने डस लिया। उसे बुधवार की घोरावल सीएचसी लाया गया जहां उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि दुर्गा उम्र 11 वर्ष अपने चारपाई पर सो रही थी उसी समय किसी तरह सर्प ने डस लिया।हालात बिगड़ने पर बुधवार की उसे सुबह घोरावल सीएचसी लाया गया।जहां सीएचसी अधीक्षक डॉ मुन्ना प्रसाद के साथ अन्य चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस को मामले की जानकारी दी गयी और लाश को पीएम के लिए भेज दिया गया। तहसीलदार सुरेश शुक्ला ने बताया कि सर्प दंश से मौत के मामले में आर्थिक सहायता परिजनों को नियमानुसार उपलब्ध कराने का प्राविधान है। क्षेत्रीय लेखपालों को आवस्यक निर्देश दिए गए हैं।